## छोटे विवादों में जान लेने का फितूर

कहना मुश्किल है कि हमारे समाज में ऐसा क्या बदला है कि जिन छोटे-छोटे विवादों को हम आसानी से सुलझा सकते हैं, उनको लेकर जान लेने तक की नौबत आ जाती है। मान्यता रही है कि पढ़ा-लिखा समाज सभ्य-संवेदनशील होकर प्रगतिशील समाज की आधारशिला रखता है। लेकिन यहां तो हम तरक्की के दावों और साक्षरता में अप्रत्याशित वृद्धि के बावजूद आदमयुगीन व्यवहार करने पर उतारू हैं। कार पार्किंग विवाद हो या सड़क पर आगे जाने की होड़ में वाहनों का जरा आपस में छू जाना, अकसर बड़े विवाद व हिंसक संघर्ष का कारण बन जाता है। पिछले दिनों दिल्ली में एक ई-रिक्शा चालक के कार से लग जाने के बाद कार चालक ने रिक्शा वाले को गोली मार दी। अब सवाल यह भी है कि क्यों इस विवाद को आपसी बातचीत से नहीं टाला जा सका? आखिर क्यों कार चालक को हथियार लेकर चलने की जरूरत पड़ी? आखिर लोगों का खून क्यों उबाल ले रहा है? क्या ये हमारे तामसिक व प्रदूषित खान-पान की देन है? क्या हमारे विचार दूषित हुए हैं? क्या हमारे उन संस्कारों का लोप हो चुका है जो हमें सहजता,सहयोग, सरलता, सहनशीलता, सौम्यता और सहभागिता सिखाते थे? अक्सर हम बुजुर्गों के साथ युवाओं द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए देखते हैं। उनकी उम्र व सफेद बालों का भी कोई लिहाज करता नजर नहीं आता है। सवाल उठता है कि क्या हमारी पारिवारिक संरचना व शिक्षण संस्थाओं द्वारा जीवन मूल्य बांटने की कवायद निष्प्रभावी हो गई है? अकसर हम देखते हैं कि सार्वजनिक जीवन में ऐसे मुद्दों को लेकर बड़े विवाद होते हैं, जिन्हें आसानी से सुलझाया जा सकता है। हमारे व्यवहार की ये कृत्रिमता विचलित करने वाली है। कभी कहा जाता था कि गहरी नदी खामोशी से बहती है। लेकिन इसके उलट पढ़े-लिखे लोग अनपढ़ों से बदतर व्यवहार करते नजर आते हैं। वह धारणा निर्मूल साबित हो रही है कि विद्या हमें विनय देती है। क्या हमारा जीवन इतना जटिल हो गया है कि हमें क्षण में आक्रोश से भर देता है?

हाल के वर्षों में राह चलते मामूली विवादों पर हत्या कर देने की विचलित करने वाली वारदातें अकसर खबरों में सुर्खियां बनती रहती हैं। जो एक सभ्य व्यक्ति में भय व असुरक्षा भर देती हैं। हर व्यक्ति के दिमाग में अपनी व बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त हो जाती है। कहीं छोटी-छोटी बात पर रौब दिखाने पर हत्याएं हो जाती हैं तो कहीं वाहनों को खड़े करने के विवाद में खूनी संघर्ष हो रहे हैं। कहीं न कहीं सड़कों पर होने वाली हिंसा के मूल में बेलगाम होता गुस्सा भी है। यह गुस्सा कब कानून की झीनी दीवार लांघ दे, कहना मुश्किल है। कालांतर यही टकराव गंभीर अपराध के रूप में ही सामने आता है। यहां तक कि यह टकराव कई बार दो संप्रदायों के बीच खूनी संघर्ष तक में तब्दील हो जाता है। ऐसे कई समाचार देश के विभिन्न भागों से हमारे सामने आते रहे हैं। हमारे समाज विज्ञानियों और मनोवैज्ञानिकों को हमारे व्यवहार में घर कर रही इस आक्रामकता के कारणों की गंभीर पड़ताल करनी होगी। भविष्य में यह प्रवृत्ति हमारे समाज के लिये घातक साबित हो सकती है। कहीं न कहीं ये मानवीय मूल्यों व संवेदनशीलता का पराभव भी है जो हम किसी को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। हम विचार करें कि क्या इंटरनेट सामग्री व आक्रामक वीडियो गेम से उपजी आक्रामकता नई पीढ़ी में असर दिखा रही है? फिल्मों और टीवी में दिखाए जाने वाली हिंसा क्या हमारे जीवन व्यवहार में उतर आई है? सूचना माध्यमों ने आम लोगों की संवेदनाओं को आहत करने का जो मुनाफे का जमकर कारोबार किया क्या वो हमें अब संवेदनहीन बना रहा है? देश के राजनीतिक विमर्श में आक्रामकता व संवेदनाओं से खिलवाड़ का जो निर्मम खेल दशकों से खेला जाता रहा है क्या नई पीढ़ी ने उसका अनुकरण शुरू कर दिया? क्या ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान का असर हमारे आम व्यवहार को आक्रामक बना रहा है? इस दिशा में गंभीर मनोवैज्ञानिक शोध की जरूरत है। हमें सोचना होगा कि सड़कों पर जरा-जरा सी बात पर पनप रहे हिंसक टकराव की विकृति की असल वजह क्या है?

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें



ललित गर्ग

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रेषकः

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# यूपी भाजपा में नये अध्यक्ष की देरी में आड़े आ रही है नेताओं की गुटबाजी



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। यह देरी न केवल पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में अनिश्चितता पैदा कर रही है, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी पर भी सवाल उठा रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त होने के बाद से ही नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया बार-बार अटक रही है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें आंतरिक गुटबाजी, सामाजिक समीकरणों का संतुलन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ समन्वय और राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है। देश की सियासत में यूपी का प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। 80 लोकसभा सीटों और 403 विधानसभा सीटों वाला यह राज्य केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता की कुंजी माना जाता है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को यूपी में अप्रत्याशित नुकसान उठाना पड़ा। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन ने पार्टी को कड़ी चुनौती दी, जिसके बाद हार के कारणों की समीक्षा के लिए 15 पेज की एक विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी गई। इस रिपोर्ट में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, संगठनात्मक कमजोरी और सामाजिक समीकरणों में चूक को प्रमुख कारण बताया गया। इस हार ने पार्टी को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है, और नया प्रदेश अध्यक्ष चुनना इस रणनीति का एक अहम हिस्सा है। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी का सबसे बड़ा कारण पार्टी के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान और गुटबाजी है। यूपी भाजपा में कई प्रभावशाली नेता हैं, और प्रत्येक गुट अपने पसंदीदा उम्मीदवार को आगे बढ़ाने की कोशिश में है। कुछ नेता ओबीसी समुदाय से किसी मजबूत चेहरे को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, ताकि सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) मॉडल का मुकाबला किया जा सके। वहीं, कुछ नेता दलित समुदाय से किसी युवा चेहरे को मौका देने के पक्ष में हैं, क्योंकि दलित वोटरों का एक बड़ा हिस्सा 2024 में भाजपा से छिटक गया था। इसके अलावा, कुछ नेताओं का मानना है कि अगड़े समुदाय से किसी अनुभवी नेता को जिम्मेदारी दी जाए, जो संगठन को एकजुट रख सके। इस तरह सामाजिक समीकरणों का संतुलन बनाना भाजपा के लिए एक जटिल चुनौती बन गया है।

पार्टी के सामने एक और बड़ी चुनौती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ समन्वय की है। भाजपा और आरएसएस के बीच राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर अध्यक्षों के चयन को लेकर लंबे समय से विचार-विमर्श चल रहा है। कुछ सूत्रों का कहना है कि आरएसएस यूपी में किसी ऐसे चेहरे को चाहता है, जो संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने की क्षमता रखता हो। लेकिन इस पर सहमति बनाना आसान नहीं रहा। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावित किया है, जिसके कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टाल दिया गया। यूपी में नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के बाद ही पूरी होने की संभावना है।

2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा यूपी में अपनी रणनीति को और मजबूत करना चाहती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल के वर्षों में अपने पीडीए मॉडल के जरिए गैर-यादव ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है। इसका मुकाबला करने के लिए भाजपा सोशल इंजीनियरिंग पर जोर दे रही है। पार्टी ने हाल ही में 98 में से 70 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिसमें अगड़े समुदाय को प्राथमिकता दी गई। लेकिन 28 जिलों में अभी भी नियुक्तियां लटकी हुई हैं, जिसका कारण भी आंतरिक असहमति और गुटबाजी को माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में भाजपा सरकार भले ही मजबूत स्थिति में हो, लेकिन संगठन स्तर पर कई चुनौतियां हैं। कार्यकर्ताओं में असंतोष की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं। लोकसभा चुनावों में हार के बाद कई नेताओं ने संगठन की कमजोरियों को उजागर किया था। ऐसे में नया प्रदेश अध्यक्ष न केवल संगठन को एकजुट करने की जिम्मेदारी लेगा, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और मतदाताओं को फिर से पार्टी की ओर आकर्षित करने का काम भी करना होगा।

बहरहाल, भाजपा की रणनीति में यूपी का महत्व देखते हुए यह देरी कई सवाल खड़े करती है। पार्टी को न केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है, बल्कि मतदाताओं के बीच अपनी विश्वसनीयता को भी फिर से स्थापित करना है। नए अध्यक्ष का चयन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, लेकिन इसके लिए पार्टी को आंतरिक मतभेदों को दूर करना होगा। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस पेंच को कैसे सुलझाती है और यूपी में अपनी सियासी जमीन को फिर से मजबूत करने के लिए कौन सा चेहरा सामने लाती है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान, भारत ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची का आदान-प्रदान किया

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान और भारत ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची का मंगलवार को आदान-प्रदान किया तथा इसके तहत इस्लामाबाद ने 193 मछुआरों सहित 246 भारतीय या भारतीय माने जाने वाले कैदियों के नाम सौंपे। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 2008 के राजनयिक सहायता समझौते के तहत दोनों देशों को प्रत्येक वर्ष एक जनवरी और एक जुलाई को एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची साझा करनी होती है। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक प्रतिनिधि को 246 भारतीय या भारतीय माने जाने वाले कैदियों की सूची सौंपी है। विदेश कार्यालय ने कहा, ''आज पाकिस्तान और भारत ने राजनयिक माध्यमों से एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची का आदान-प्रदान किया।इसके साथ ही, भारत ने नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को 463 पाकिस्तानी या पाकिस्तानी माने जाने वाले कैदियों की सूची साझा की। इनमें 81 मछुआरे भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने उन सभी पाकिस्तानी कैदियों और मछुआरों की तत्काल रिहाई और स्वदेश वापस भेजे जाने की मांग की है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है और जिनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि हो चुकी है।

### राष्ट्रपति ट्रंप का 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' अमेरिकी सीनेट में हुआ पास

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सोमवार को सीनेट में मामूली अंतर के साथ पास हो गया। विधेयक के पक्ष और विरोध में 50-50 मत पड़े। जिसके बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना मत देकर इसे मंजूरी दिलाई। विधेयक का विरोध करने वाले तीन रिपब्लिकन सांसदों में थॉम थिलिस, सुजैन कॉलिन्स और केंटकी रैंड पॉल शामिल थे। ट्रंप के कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सीनेट में सोमवार को देर रात तक तीखी बहस चली। हंगामेदार सत्र के दौरान रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाते नजर आए। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने का प्रयास करते रहे। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकन सदस्यों के लिए अब अगली चुनौती प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को पारित कराना है। 940 पन्नों का वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट ट्रंप के सबसे महत्वाकांक्षी विधेयकों में से एक है। रिपब्लिकन सांसद राष्ट्रपति ट्रंप की छुट्टियों की समय सीमा यानी शुक्रवार से पहले इसे मंजूरी दिलाना चाहते हैं।

### फोन कॉल लीक मामला : थाईलैंड की अदालत ने प्रधानमंत्री पेटोंगटार्न शिनवात्रा को निलंबित किया

**बैंकॉक** : थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने कंबोडिया के एक पूर्व नेता के साथ फोन पर हुई बातचीत के लीक होने के मामले में प्रधानमंत्री पेटोंगटार्न शिनवात्रा को जांच लंबित रहने तक पद से निलंबित कर दिया है। न्यायाधीशों ने नैतिकता के उल्लंघन के आरोप वाली याचिका पर सर्वसम्मति से विचार किया और पेटोंगटार्न को प्रधानमंत्री पद से निलंबित करने के पक्ष में दो के मुकाबले सात मतों से मतदान किया। अदालत ने पेटोंगटार्न को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया। पेटोंगटार्न को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। इसमें 28 मई को हुआ सशस्त्र टकराव शामिल है, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीमा विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक पहल के दौरान कंबोडियाई सीनेट (संसद का उच्च सदन) के अध्यक्ष हुन सेन के साथ फोन पर हुई बातचीत के लीक होने के बाद पेटोंगटार्न को न सिर्फ लोगों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि उनके खिलाफ कई शिकायतें भी दर्ज कराई गई हैं। अदालत के आदेश के बाद पेटोंगटार्न ने कहा कि वह इसे स्वीकार करते हुए अपने बचाव के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगी, क्योंकि देश की रक्षा और शांति बनाए रखने के अलावा उनका कोई अन्य इरादा नहीं था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 02 जुलााई, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष सप्तमी, 12:01 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 11:04 तक, योग : वरीघा, 17:42 तक, सूर्योदयः 4:55, सूर्यास्तः 18:25, चन्द्र-ोदय : 11:13, चन्द्रास्तः 23:17, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 11:40 से 13:20

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए दिन मध्यम रहेगा लेकिन कार्यक्षेत्र में सतर्क रहने की जरूरत है। किसी सहयोगी या कर्मचारी की लापरवाही से वित्तीय नुकसान हो सकता है। लेन-देन में चूक से बचें।

**वृष** : वृषभ राशि के लोगों का दिन भाग्यशाली है। नौकरी या व्यवसाय में लंबे समय से रुका हुआ कार्य गति पकड़ सकता है। निवेश के लिए रियल एस्टेट से जुड़े विकल्पों को ध्यान से जांचें।

**मिथुन** : मिथुन राशि वालों की किस्मत साथ दे रही है। ग्रहों की शुभ दशा से आपको बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा और मान सम्मान में वृद्धि के योग हैं।

**कर्क** : कर्क राशि के लोगों का दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। व्यापारियों को किसी सरकारी परियोजना या सरकारी विभाग से नया ऑर्डर मिलने की संभावना है। आपके लिए तरक्की के योग हैं।

**सिंह** : सिंह राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। रोजगार या प्रमोशन की दिशा में शुभ संकेत मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को सराहा जाएगा। आपके लिए लाभ के योग बने हैं।

**कन्या** : कन्या राशि के लोगों को लाभ होगा। खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखना जरूरी है क्योंकि अनावश्यक वस्तुओं पर व्यय हो सकता है। आपके लिए निवेश नुकसान करवा सकता है।

**तुला** : तुला राशि के लोगों का दिन भाग्य से भरपूर होगा। राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े जातकों को मान-सम्मान मिलेगा। नई नौकरी के इच्छुक लोगों को इंटरव्यू कॉल आ सकती है।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि के लोगों को धन संबंधी मामलों में सावधानी से काम करने की सलाह है। व्यवसायिक निर्णयों में जल्दबाजी नुकसानदायक हो सकती है।

**धनु** : धनु राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। दिन की शुरुआत लाभकारी होगी, विशेष रूप से यदि आप टूरिज्म, शिक्षा या आयात-निर्यात व्यवसाय से जुड़े हैं।

**मकर** : मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको सरकारी संपर्क से लाभ मिलेगा। यदि आप टेंडर, ठेकेदारी या कंसल्टेंसी के क्षेत्र में हैं, तो विशेष सफलता मिल सकती है।

**कुम्भ** : कुंभ राशि के लोगों का दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा। नई नौकरी की तलाश सफल हो सकती है, विशेषकर तकनीकी, मीडिया या बैंकिंग क्षेत्र के लोगों के लिए।

**मीन** : मीन राशि के लोगों के लिए तरक्की के योग हैं। नौकरी या व्यापार से जुड़ा कोई बड़ा ऑफर मिल सकता है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा।

## वर्ग पहेली नं. 3140

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | 27 |
| | ■ | 28 | | 29 | ■ | | ■ | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) संकट, 4) दुलारा, 7) गपबाज़ी, 9) स्थान, 10) जोड़ी *(उदाहरण के तौर पर पोशाक की:* घाघरा और चोली), 12) खाली, 13) दिल, 14) कंदरा, 15) मजाल, 16) क्यों; सबब, 17) निकट वर्तमान; समाचार, 18) बुकनी, 20) धर्मद्रोही, 21) जो पोला न हो, 22) समुद्र, 24) सूँघने का इंद्रिय, 26) नृत्य, 28) एक दाढ़ीधारी पालतू पशु, 30) धारा में आगे बढ़ना, 31) स्वस्थ; दोषरहित; सुरक्षित.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) गदीला, 2) मीनघाती मादा पक्षी, 3) तपस्या, 4) खोया हुआ, 5) बेजोड़, 6) मुख्य, 8) एक फल, 11) माला; मोती, 14) लाभकारी, 15) जलाशय, 17) पराजित होना, 18) चोखना, 19) बेवज़ह, 23) दाब में आना, 25) रुई का पौधा, 27) विस्मित, 29) उचित; रस्सी; क्रीड़ा

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ग़ | ल | ब | ग़ | ल | ■ | रु | प | या |
| न | ■ | घु | ■ | ■ | ड़ | ■ | चि | ट | ■ |
| व | र्जि | त | ■ | च | क | मा | ■ | ना | ते |
| श्च | ■ | म | न | ■ | प | रे | वा | ■ | व |
| क | टि | ■ | क | ठि | न | ■ | जि | ग | र |
| ■ | टि | क | ली | ■ | ■ | अं | ब | र | ■ |
| ■ | ह | ल | ■ | सं | के | त | ■ | बी | ■ |
| श | री | र | त्या | ग | ■ | ■ | ख़ा | ला | स |
| स्त्र | ■ | व | ■ | म | क्खी | चू | स | ■ | ब |

## सुडोकू-पहेली-3097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | | | | 2 | | 4 | |
| | | | | 5 | | | | 1 |
| | | | 8 | | | | 5 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| 7 | | | | 6 | 4 | | | 2 |
| | 5 | 6 | | 2 | | | 9 | |
| 8 | | | | | 3 | | | |
| 4 | | | 1 | | | 6 | 2 | |
| | | 3 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3096 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 2 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 8 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 1 | 3 |

# एसएससी नियुक्ति घोटाले में अयोग्यों को नए विज्ञापन में शामिल क्यों?

## हाईकोर्ट ने राज्य और आयोग से मांगा जवाब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) द्वारा जारी नए भर्ती विज्ञापन को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और आयोग से कड़ा सवाल किया है-पूर्व में अयोग्य ठहराए गए उम्मीदवारों को नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने से स्पष्ट रूप से रोका क्यों नहीं गया?

न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ ने इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि राज्य सरकार और आयोग



को आगामी सोमवार तक अदालत में अपना जवाब प्रस्तुत करना होगा।

ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पश्चिम बंगाल के करीब 26,000 शिक्षक और शिक्षाकर्मियों की नियुक्तियां रद्द कर दी थीं और आदेश दिया था कि नियुक्ति की प्रक्रिया दोबारा पारदर्शी तरीके से हो। इसके तहत आयोग ने मई के अंत में नया भर्ती विज्ञापन जारी किया, लेकिन उसमें पूर्व-अयोग्यों को रोकने का स्पष्ट निर्देश नहीं दिया गया।

इस मुद्दे पर लुबाना परवीन नामक याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि 44,000 पदों के लिए जारी नया विज्ञापन और नियमावली अवैध है। उनका आरोप है कि उम्र में छूट, अनुभव के नंबर आदि में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन हुआ है।

पुरानी प्रणाली में जहां लिखित परीक्षा के लिए 55 अंक, शैक्षणिक योग्यता के लिए 35 अंक और इंटरव्यू के लिए 10 अंक थे, वहीं नए विज्ञापन में लिखित परीक्षा 60 अंकों की कर दी गई है, जबकि शैक्षणिक योग्यता के लिए केवल 10 अंक रखे गए हैं। इसके बदले शिक्षण अनुभव और लेक्चर डेमोंस्ट्रेशन के लिए 10-10 अंक जोड़े गए हैं।

हाईकोर्ट ने यह भी पूछा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पुरानी प्रणाली के तहत ही भर्ती होनी थी, तो फिर नया नियम क्यों बनाया गया?

अब सबकी नजरें सोमवार की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां राज्य सरकार और डडउ को इस बदलाव और अयोग्य उम्मीदवारों को न रोकने के फैसले पर सफाई देनी होगी।

# राज्य सरकार ने प्रवेश पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**❑ अब 15 जुलाई तक कॉलेज और विश्वविद्यालय में हो सकेगा आवेदन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉलेज और विश्वविद्यालय में प्रवेश के पहले चरण के लिए आवेदन करने की समय सीमा एक जुलाई को समाप्त हो गई है। हालांकि, राज्य सरकार ने इस समय सीमा को बढ़ाने की घोषणा की है। मंगलवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बता दें कि इस ऑनलाइन पोर्टल को 2 सप्ताह पहले लॉन्च किया गया था। हालांकि, आवेदन की अंतिम तिथि 1 जुलाई थी, लेकिन इसे बढ़ा दिया गया है। राज्य सरकार ने आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। इस संदर्भ में, शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर छात्रों की सुविधा के लिए यह समय सीमा बढ़ाई गई है। शिक्षा मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि अब तक कितने लोगों ने एडमिशन पोर्टल पर आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार की शाम 6 बजे तक 3 लाख 25 हजार 342 छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया है और कुल 18 लाख 24 हजार 914 आवेदन किए हैं। कुल पंजीकृत छात्रों में से 2 हजार 901 दूसरे राज्यों के निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष उच्च शिक्षा विभाग ने इस केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 17 सरकारी सहायता प्राप्त अनुमोदित विश्वविद्यालयों के तहत कुल 460 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में प्रवेश की व्यवस्था की है। पहले यह घोषणा की गई थी कि प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण पूरा होने के बाद, कॉलेजों में विभिन्न विषयों में रिक्त सीटों की संख्या के आधार पर फिर से एक मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची में, जिन छात्रों को पिछली सूची के अनुसार अपनी पसंदीदा सीटें नहीं मिलीं, उन्हें सीटें खाली होने पर मेरिट के आधार पर फिर से प्रवेश पाने का अवसर मिलेगा।

## कोलकाता मेट्रो में खोया पर्स मिला, यात्री को लौटाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा**

25 जून 2025 को पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ स्टाफ ने नियमित जांच के दौरान वॉशरूम के पास एक पर्स बरामद किया। किसी दावेदार के न मिलने पर पर्स को स्टेशन मास्टर कार्यालय में जमा किया गया। स्टेशन मास्टर ने पर्स लौटाने के लिए बार-बार घोषणा की और सभी स्टेशनों को कंट्रोल मैसेज भेजा। पर्स खोलने पर उसमें कुछ कीमती सामान पाए गए। कुछ देर बाद एक यात्री कार्यालय आया और पर्स का दावा किया। सभी सत्यापन और औपचारिकताओं के बाद पर्स उसे लौटा दिया गया। यात्री ने कोलकाता मेट्रो प्रशासन का आभार व्यक्त किया और ईमानदारी के लिए सराहना की।

## उत्सश्री पोर्टल पर ऑनलाइन स्थानांतरण आवेदन और छह महीने तक रहेगी स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में शिक्षक स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रक्रिया फिलहाल स्थगित रहेगी। राज्य सरकार ने उत्सश्री पोर्टल के माध्यम से स्थानांतरण आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर रोक छह महीने के लिए बढ़ा दी है। यह ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली 31 दिसंबर, 2025 तक स्थगित रहेगी। यह निर्देश जारी करने के बावजूद, राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पारस्परिक स्थानांतरण (म्यूचूअल ट्रांसफर) इस निर्देश के अंतर्गत नहीं आएगा। पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया हमेशा की तरह जारी रहेगी। शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि विशेष प्रशासनिक परिस्थितियों और कानूनी सलाह के आधार पर उत्सश्री पोर्टल की



ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को 31 दिसंबर, 2025 तक स्थगित किया जा रहा है। नए निर्देश में कहा गया है कि यह निर्णय प्राथमिक शिक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 107 के तहत लिया गया है और इसे राज्यपाल की मंजूरी प्राप्त है। संबंधित निर्देश स्कूल शिक्षा आयुक्त, प्राथमिक शिक्षा बोर्ड की तदर्थ समिति, सभी जिलों के जिला प्राथमिक स्कूल संघों और जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया गया है।

## झारखंड से सोना लूटकर भागे दो बदमाशों को झाड़ग्राम पुलिस ने दबोचा, 2 करोड़ के गहने बरामद

**झाड़ग्राम :** झाड़खंड से लूटे गए करोड़ों रुपये के सोने के गहनों के साथ भाग रहे बदमाशों को झाड़ग्राम पुलिस ने सतर्कता और बहादुरी से पकड़ लिया। पुलिस ने मोटरसाइकिल से भाग रहे लुटेरों का लगभग एक किमी तक पीछा किया और दो आरोपियों को धर दबोचा। इनके पास से करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद हुए। पकड़े गए बदमाशों की पहचान झारखंड के जुगसलाई थाना क्षेत्र के बागबेड़ा निवासी निरंजन गोर और बिहार के औरंगाबाद निवासी मोहम्मद रफीक के रूप में हुई है। वहीं, तीसरा आरोपी फरार है।

घटना झारखंड के चाकुलिया थाना क्षेत्र में हुई थी, जहां तीन बदमाशों ने एक ज्वेलरी शोरूम में लूटपाट की और सोना लेकर पश्चिम



बंगाल की सीमा की ओर भाग निकले। खबर मिलते ही जामबनी थाना प्रभारी अभिजीत बसु मल्लिक और एएसआई असीम मंडल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात में गश्त बढ़ा दी। रात करीब 9 बजे पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया, लेकिन वे तेज रफ्तार से भाग निकले। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनका पीछा किया और एक किमी की दूरी पर उन्हें दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक अरिजीत सिन्हा ने इस सफलता के लिए टीम को सम्मानित करने की घोषणा की है। बरामद गहने और दोनों आरोपियों को झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

## कोलकाता में वैश्विक संपत्ति प्रबंधन विशेषज्ञता लेकर आए श्रीराम वेल्थ और सानलैम

**कोलकाता, समाज्ञा**

श्रीराम ग्रुप की नई वेल्थ मैनेजमेंट इकाई श्रीराम वेल्थ ने दक्षिण अफ्रीका की सानलैम ग्रुप के साथ साझेदारी में कोलकाता से अपने पूर्वी भारत के अभियान की शुरुआत की। इस 50:50 संयुक्त उद्यम का उद्देश्य भारत में संपत्ति प्रबंधन को अधिक सुलभ और समावेशी बनाना है। कंपनी अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ की एसेट अंडर एडवाइस और 500 वेल्थ प्रोफेशनल्स को जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है। श्रीराम वेल्थ अपने निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह, आधुनिक प्रौद्योगिकी और सानलैम की वैश्विक विशेषज्ञता के साथ वेल्थ मैनेजमेंट, ऋण समाधान, सुरक्षा समाधान, वैश्विक निवेश अवसर और उत्तराधिकार योजना जैसी सेवाएं प्रदान करेगी। श्रीराम वेल्थ के एमडी और सीईओ विकास सतीजा ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य सबसे विश्वसनीय वेल्थ क्रिएशन पार्टनर बनना है। श्रीराम कैपिटल की एमडी एवं सीईओ सुभाश्री श्रीराम ने इसे श्रीराम ग्रुप की अगली विकास यात्रा का प्रतीक बताया। कंपनी अपनी सेवाएं पहले 10 बड़े शहरों में शुरू कर अगले साल 20 शहरों तक विस्तार करेगी, जिसमें टियर 2 और टियर 3 बाजारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सानलैम ग्रुप के सीईओ पॉल हनरैटी ने कहा कि भारत में वेल्थ मैनेजमेंट का विकास स्वाभाविक प्रगति है और उनका लक्ष्य एक स्थायी, भरोसेमंद और दीर्घकालिक वेल्थ व्यवसाय स्थापित करना है।

# कर्म शिक्षा और शारीरिक शिक्षा में भी गड़बड़ी का आरोप

## फिलहाल नहीं मिलेगी सीबीआई को अनुमति : कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता :** शिक्षा भर्ती घोटाले की जांच के बीच अब शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा (वर्क एजुकेशन) की नियुक्तियों में भी अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में सीबीआई ने नई प्राथमिकी दर्ज कर स्वतंत्र जांच की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोलकाता हाईकोर्ट ने फिलहाल इस पर सहमति नहीं दी।

न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अब 4 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। उसी दिन आयोग को मेरिट लिस्ट अदालत में प्रस्तुत करनी होगी।

सीबीआई के वकील धीरज त्रिवेदी ने कोर्ट में बताया कि उन्हें जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो शारीरिक शिक्षा और वर्क एजुकेशन की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं। लेकिन चूंकि अदालत ने इस बाबत जांच की अनुमति नहीं दी है, इसलिए वे आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

जब न्यायमूर्ति बसु ने पूछा कि क्या सीबीआई अलग से प्राथमिकी दर्ज करना चाहती है, तो सीबीआई के वकील ने उत्तर में कहा कि हां, जांच के लिए अलग प्राथमिकी और चार्जशीट दाखिल करनी होगी।

अर्जीकर्ता के वकील सुदीप्त दासगुप्ता ने कोर्ट को याद दिलाया कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने आयोग को मेरिट लिस्ट जमा करने का आदेश दिया था, जिसे अब 4 जुलाई दोपहर 2 बजे तक पेश करने का निर्देश दिया गया है।

फिलहाल हाईकोर्ट ने सीबीआई को नई जांच की अनुमति नहीं दी, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## डॉक्टर्स डे पर डॉ. गीतांजलि सोनी सम्मानित



**कोलकाता :** डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर गीतांजलि सोनी को वरिष्ठ डॉक्टर डॉक्टर ए के सिंह, डॉ. राहुल सिंह ने स्वास्थ्य, चिकित्सा सेवा में निरन्तर सफलता तथा जीवन में सुख - शान्ति के लिये शुभकामना दी। डॉक्टर गीतांजलि सोनी के परिवार के सदस्यों ने सभी शुभचिंतक मित्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 8वें जीएसटी दिवस पर ईमानदार करदाताओं और कर्मठ अधिकारियों को किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीएसटी के सफल कार्यान्वयन और पारदर्शी कर प्रणाली की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए 8वां जीएसटी दिवस समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन अंडमान और निकोबार के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी, मुख्य अतिथि के रूप में, तथा अतिविशिष्ट अतिथि पैटन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय बुधिया द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर कोलकाता सीजीएसटी और सेंट्रल एक्साइज ज़ोन के प्रधान आयुक्त श्रवण कुमार एवं कोलकाता कस्टम्स जोन के प्रधान आयुक्त मदन मोहन सिंह भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 12 ईमानदार करदाताओं को सम्मानित किया गया, साथ ही जीएसटी विभाग के 16 कर्मठ अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन न केवल राजस्व प्रणाली की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि ईमानदारी और समर्पण को प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल भी है।



## वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे: सुंदर त्वचा के लिए खानपान में रोजाना शामिल करें कैलिफोर्निया बादाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 पर इस वर्ष की थीम त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि त्वचा की देखभाल केवल बाहरी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे आहार पर भी निर्भर करती है। विशेषज्ञों ने कैलिफोर्निया आमंड्स को त्वचा के लिए लाभकारी बताया है क्योंकि इनमें विटामिन ई और हेल्दी फैट्स भरपूर होते हैं, जो त्वचा को अंदर से पोषण देकर उसे दमकता और स्वस्थ बनाए रखते हैं। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की डाइटेटिक्स रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने कहा, अच्छी त्वचा के लिए हेल्दी खाना जरूरी है, लेकिन लोग अक्सर कन्फ्यूज हो जाते हैं कि क्या खाएं। कॉम्प्लिकेटेड डाइट की जरूरत नहीं, सिर्फ एक मुट्ठी बादाम, हरी सब्जिया, मौसमी फल और संतुलित आहार ही काफी है। बादाम न केवल त्वचा को भीतर से पोषण देते हैं बल्कि जंक फूड की क्रेविंग भी कम करते हैं। इस मौके पर सभी ने रोज़ाना बादाम खाने की सलाह दी।

## सागर ग्रामीण अस्पताल में डॉक्टर दिवस मनाया गया, डॉ. विधानचंद्र राय को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**सागर :** डॉक्टर दिवस के अवसर पर दक्षिण 24 परगना जिले के गंगासागर स्थित सागर ग्रामीण अस्पताल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सागर समष्टि विकास अधिकारी कनैया कुमार राव ने अस्पताल गेट पर स्थापित भारत रत्न डॉ. विधानचंद्र राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. राय के जन्मदिवस को समर्पित इस दिन पर अस्पताल के वरिष्ठ और कनिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य एवं जीबीडी के उपाध्यक्ष संदीप कुमार पात्रा, स्वास्थ्य कार्याध्यक्ष सत्तन माईती सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। माल्यार्पण के बाद सभी डॉक्टरों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया और मिठाई खिलाकर डॉक्टर दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

## आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता जैन समाज के लिए रविवार का दिन अत्यंत ऐतिहासिक, पुण्यकारी एवं अविस्मरणीय साबित हुआ। परम पूज्य आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन उपवन मंदिर, बेलगछिया में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आचार्य श्री का विहार प्रातः काल तेघोरिया जिनालय से बैंड-बाजों, मोटरसाइकिल स्कॉर्ट एवं भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। पूरे मार्ग में हर 500 मीटर पर रंगोली सजाई गई और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन एवं आरती कर उनका गरिमामय स्वागत किया। कोलकाता एवं बृहत्तर कोलकाता की विभिन्न महिला मंडलों ने परंपरागत परिधान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गई। बेलगछिया ब्रिज पर गणिनी आर्यिका 105 श्री सुयोग्यनंदिनी माताजी ससंघ ने आचार्य श्री का



विधिवत अभिनंदन किया।

इसके बाद, मंदिर प्रांगण में कोलकाता जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों और श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन उपवन मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों जैसे भागचंद जी पहाड़िया, महेंद्र पंड्या, कैलाशचंद बड़जात्या, अनंत जैन, सीए सुधीर जैन एवं सीए संजय जैन ने पादप्रक्षालन और स्वागत किया। आचार्य श्री ने अपने प्रेरक संबोधन में विशेष रूप से अनंत जैन, सीए संजय जैन, ओम प्रकाश सेठी (गुवाहाटी), पवन रारा (डिमापूर), राहुल काला (रंगीया) और आचार्य संघ के साथ विहार में लगे सभी भक्तगणों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा एवं सम्मान किया। इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य बनाने और सुचारू संचालन में पुष्प प्रमुख वर्षा योग परिवार एवं मुनि संघ व्यवस्था समिति का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी दिनेश गंगवाल ने प्रदान की।

## सियालदह मंडल दक्षिण खंड में भीड़ नियंत्रण हेतु तीन नई विशेष ईएमयू सेवाएं करेगा शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने उपनगरीय यात्रियों की बढ़ती भीड़ और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए सियालदह-दक्षिण खंड में तीन और नई ईएमयू विशेष सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। कोलकाता और उसके उपनगरों के लिए सियालदह मंडल की उपनगरीय ईएमयू सेवा को जीवन रेखा माना जाता है। हाल ही में मंडल ने दमदम कैंट से बनगांव खंड में यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव और सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के उद्देश्य से पांच नई ईएमयू लोकल सेवाओं की शुरुआत की थी।

अब यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए तीन विशेष ईएमयू सेवाएं परीक्षण आधार पर चलाई जाएंगी। इनमें पहली सेवा सोनारपुर से डायमंड हार्बर के बीच चलेगी, जो सुबह 5:00 बजे सोनारपुर से रवाना होकर 6:05 बजे डायमंड हार्बर पहुंचेगी। दूसरी सेवा, डायमंड हार्बर से बालीगंज के बीच सुबह 6:30 बजे प्रस्थान करेगी और 7:56 बजे बालीगंज पहुंचेगी।

तीसरी सेवा, बालीगंज से सोनारपुर के बीच सुबह 8:14 बजे रवाना होकर 8:33 बजे सोनारपुर पहुंचेगी। इसके अलावा, 34882 सोनारपुर-डायमंड हार्बर लोकल ट्रेन को 10 मिनट पहले, यानी सुबह 4:40 बजे सोनारपुर से चलाया जाएगा और यह 5:45 बजे डायमंड हार्बर पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इन नई सेवाओं से भीड़भाड़ में कमी आएगी और खासतौर पर बालीगंज की ओर जाने वाले दैनिक यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी।

## सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ने पूरे किए 25 वर्ष, धूमधाम से मनाई रजत जयंती



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12313/12314) ने मंगलवार को अपनी सेवा के 25 वर्ष पूरे कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। सियालदह स्टेशन पर इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया और ट्रेन की रजत जयंती बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित ट्रेन की पहली यात्रा 1 जुलाई 2000 को शुरू हुई थी, जिसने कोलकाता को देश की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। समारोह के दौरान सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने विशेष रूप से सजाई गई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोकोमोटिव और कोचों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी भव्य हो गया। इस अवसर पर ट्रेन के प्रथम एसी कोच (एच1) को विशेष रूप से सजाया गया, जहां ब्रिटिश शासनकाल और कोलकाता व दिल्ली के ऐतिहासिक विकास को रेखाचित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि सियालदह राजधानी एक्सप्रेस समयबद्धता, आराम और बेहतरीन सेवा के लिए यात्रियों की पहली पसंद रही है। यह रजत जयंती समारोह न केवल बीते 25 वर्षों की शानदार यात्रा का उत्सव है बल्कि भविष्य में भी विश्व स्तरीय सेवाएं देने के प्रति सियालदह मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## डॉ. विधान चंद्र राय जन्मदिन पर वार्ड 42 में तृणमूल यूथ कांग्रेस ने डॉक्टरों का किया सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. विधान चंद्र राय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में और डॉक्टर डे के अवसर पर मंगलवार को वार्ड 42 में तृणमूल यूथ कांग्रेस द्वारा एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सांसद अभिषेक बनर्जी, सांसद सुदीप बंदोपाध्याय, विधायक विवेक गुप्ता तथा उत्तर कोलकाता तृणमूल यूथ कांग्रेस के सभापति शांति रंजन कुंडू के निर्देशानुसार किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड 42 के डॉक्टरों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड 42 के तृणमूल यूथ कांग्रेस के प्रेसिडेंट दीपक निगनिया, लालू मिश्रा, अनिल मिश्रा, दीपक सिंह, आलोक सहित अन्य कर्मीगण उपस्थित थे। उन्होंने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सशक्त महिलाएं ही दुनिया को सशक्त बनाती हैं

**कोलकाता :** सशक्त महिलाएं ही दुनिया को सशक्त बनाती हैं। इस गूंज के साथ सिटी ऑफ जॉय 'कोलकाता' ने 28 जून को एक प्रेरणादायक और उल्लासपूर्ण संध्या का अनुभव किया जब इंडियन वीमेन एरा' द्वारा आयोजित सशक्ति वूमेन अचीवर्स अवार्ड्स 4.0 का आयोजन होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल , कोलकाता में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। संस्था की संस्थापकों नेहा रामघरिया और ऋचा पारख लूनिया ने बताया कि इस वर्ष के समारोह में समाज की प्रेरणादायक महिला परिवर्तनकारियों-उद्यमियों, शिक्षिकाओं, समाजसेविकाओं, टैक्सी चालक और अन्य क्षेत्रों नारी सम्मान की इस गरिमामयी शाम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें रुचिका गुप्ता (अध्यक्ष, सन्मार्ग) मुख्य अतिथि एवं सरिता सिंह (जैन ट्रेड लिंक) और मोहेनी बोस की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति व प्रेरणादायक दायक




मार्गदर्शन ने महिलाओं और आयोजकों में अतिरिक्त उत्साह का संचार किया। वूमेन फॉर वूमेन (डब्लू4डब्लू) फाउंडेशन के सहयोग व नेचुरल ग्रुप के प्रायोजकत्व में आयोजित सशक्ति अवार्ड 4.0 में गौरी जैन, याचिका अग्रवाल, विनिता काबरा, ऋचा अग्रवाल, जयश्री बैद, सुष्मिता मित्रा, सीमा मोदी, अदिति जैन, अलका जैन, प्रिया बगला, मधु जे., पायल किला, राधिका भारतीया यादव, योगिता तोषनीवाल, सोनम बागरेचा, अदिति झुनझुनवाला, रोशनी गुहा ठाकुरता, अंकिता जैसवाल, अनवारा खातून, नेहा सोनी, श्रद्धा जैसवाल, वंशिका विद्यसारिया, श्रद्धा चौबे, शालिनी सेन, पूर्वी पंजाबी, शिल्पा छाजेड़ सिंघी, श्वेता टिबरेवाल, दिव्या बिहानी, शिल्पी गुप्ता, मञ्जुश्री शॉ, पुष्पा बेंगानी, उमा सुराना, सुनीता गोयनका और विनिता यादव को उनकी दृढ़ता और विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# हावड़ा में बंद फ्लैट से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमयी मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हावड़ा :** हावड़ा के जगाछा इलाके के हाटपुकुर में बंद फ्लैट से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमयी मौत की खबर सामने आने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

मृतकों की पहचान बलराम खां (66), उनकी पत्नी शेली खां (54) और पुत्र समब्रित खां (32) के रूप में हुई है। बलराम खां एक बीमा एजेंट थे, उनकी पत्नी पोस्ट ऑफिस में कार्यरत थीं और बेटा समब्रित ऑनलाइन छोटा-मोटा व्यापार करता था। ये सभी रामराजातला के एक फ्लैट में रहते थे।



मंगलवार सुबह काफी देर तक फ्लैट का दरवाज़ा अंदर से बंद रहने और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब दरवाज़ा तोड़ा, तो बलराम, शेली और समब्रित के शव अलग-अलग कमरों में बेड पर पड़े मिले। शवों के पास से जहर की शीशी मिलने पर पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है, हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

बलराम खां की साली स्वाति मित्रा ने बताया कि सोमवार रात को जब उन्होंने अपनी बहन को फोन किया, तो कोई जवाब नहीं मिला। मंगलवार सुबह फ्लैट पर आने पर दरवाज़ा बंद पाया और कई बार आवाज़ देने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तब पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस का कहना है कि तीनों के मुंह से झाग निकला हुआ था, जिससे जहर सेवन की आशंका है। परिवार सामाजिक रूप से सक्रिय था, ऐसे में इस सामूहिक आत्महत्या के पीछे की वजह को लेकर ऋण या पारिवारिक तनाव की संभावना को लेकर जगाछा थाने की पुलिस जांच में जुट गई है। मामले की गहराई से जांच जारी है।

## नहीं बढ़ाया गया कार्यकाल, कल नए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की होगी घोषणा

❑ **चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, आज दाखिल होगा नामांकन पत्र**
❑ **शमिक भट्टाचार्य नए प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश के कई राज्यों में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में, बंगाल को भी अगले दो दिनों में यानी गुरुवार तक नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर पार्टी ने विराम लगाते हुए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर चुनाव की तिथि भी घोषित कर दी। गुरुवार को नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव होगा। उससे पहले बुधवार को नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। गुरुवार को चुनाव के बाद उसी दिन शाम तक प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। इधर, नए प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में कई नाम बताए जा रहे हैं। हालांकि, पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य नए प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे हैं और वह मौजूदा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की जगह ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर, 2021 से ही प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. सुकांत मजूमदार का कार्यकाल पिछले साल ही खत्म हो चुका है। पिछले साल लोकसभा चुनाव के बाद से सुकांत केंद्र में मंत्री की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। भाजपा के संविधान के अनुसार, पार्टी में 'एक व्यक्ति एक पद' की नीति है। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व के लिए सुकांत को अध्यक्ष पद पर बनाए रखना मुश्किल है। प्रदेश भाजपा के रिटर्निंग ऑफिसर व विधायक दीपक बर्मन ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित कर दी। इसके अनुसार, बुधवार को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बुधवार को ही नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अगर नामांकन वापस लेना है तो उसी दिन वापस लेना होगा। भाजपा बुधवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित करेगी। उसके बाद, गुरुवार को चुनाव के बाद उसी दिन नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा ने गुरुवार को होने वाले चुनाव में कौन-कौन वोट करेगा, इसकी मतदाता सूची भी पहले ही प्रकाशित कर दी है। इस सूची में 294 नाम हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक प्रतिनिधि इस चुनाव में हिस्सा लेगा।

## हावड़ा ब्रिज पर जबरन वसूली के आरोप में दो पुलिस कर्मी समेत तीन निलंबित

**कोलकाता/हावड़ा, समाज्ञा :** जबरन वसूली के आरोप में फिर पुलिस कर्मियों के निलंबन का मामला सामने आया है। पता चला है कि हावड़ा ब्रिज पर पुलिस वैन का इस्तेमाल कर जबरन वसूली करने के आरोप में दो पुलिस कर्मियों समेत तीन लोगों को निलंबित किया गया है। इसमें एक एएसआई और एक कांस्टेबल रैंक के दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, एक सिविक वालंटियर की भी नौकरी चली गई है। पता चला है कि गत शुक्रवार की रात पीसीआर वैन का इस्तेमाल कर जबरन वसूली करने का आरोप लगा था। घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हुई, जिसके बाद लालबाजार ने कार्रवाई की।

## शांतिपुर के तृणमूल नेता पर महिला उत्पीड़न और धमकियों के गंभीर आरोप

**कोलकाता :** राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बढ़ती घटनाओं के बीच, अब शांतिपुर के एक तृणमूल नेता सुब्रत सरकार पर महिला उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि इस नेता ने अपनी पहली शादी को छिपाकर दूसरी शादी की और दूसरी पत्नी अंकिता कुंडू को शारीरिक प्रताड़ना, एसिड हमले की धमकी, हत्या की धमकी सहित कई गंभीर प्रकार की धमकियां दीं।



अंकिता कुंडू ने बताया कि 23 मई 2023 को इस नेता ने अपना पहला वैवाहिक संबंध छिपाकर उनसे शादी की थी। बाद में जब उनकी पहली शादी का सच उजागर हुआ, तो दोनों के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। इसके बाद से सुब्रत सरकार और उनके परिवार ने उन्हें लगातार मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न और धमकियां देना शुरू कर दिया। कभी मुंह पर एसिड फेंकने की धमकी, तो कभी ट्रक के नीचे कुचलकर हत्या की धमकी दी जाती रही। बताया जा रहा है कि दूसरी शादी के बाद भी सुब्रत सरकार तीसरे रिश्ते में उलझ गए थे, जिससे उनके उत्पीड़न और धमकियों में इजाफा हो गया। हालांकि, आरोपी नेता ने सभी आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा है कि यह उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है और ये आरोप पूरी तरह झूठे हैं। मामले की जांच जारी है।

## बशीरहाट में महिला का गला कटा शव कंबल और गद्दे में मिला लिपटा

### जांच के लिए पुलिस ने मृतक के बेटे को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट में एक घर के अंदर एक महिला का गला कटा शव कंबल और गद्दे में लिपटा हुआ मिला। शव कई जगह से सड़ चुका था। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि कई दिन पहले उसकी 'हत्या' की गई है। मृतका की पहचान मनोयारा बीबी के रूप में की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि महिला बशीरहाट थाना अंतर्गत निमदारिया कोडालिया ग्राम पंचायत के मोल्लापाड़ा में रहती थी। उसके पति जहांगीर मंडल की एक साल पहले मौत हो गई थी। उसका बेटा नयन मोल्ला काम के सिलसिले में कोलकाता में रहता है। बेटी मदरसे




में पढ़ती है। मिली जानकारी के अनुसार, गत सोमवार की रात उसका बेटा नयन बशीरहाट के घर गया था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद अंदर से किसी ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद, वह घर में प्रवेश किया तो देखा कि महिला गद्दे में लिपटी हुई पड़ी थी। गद्दा हटाते ही उसने देखा की खून बह रहा और महिला का गला कटा है। तुरंत बशीरहाट थाने को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि शव सड़ चुका है। पुलिस को शक है कि यह 'हत्या' कई दिन पहले की गई है। शव को नष्ट करने की भी कोशिश की गई थी। इसीलिए शव को कंबल में लपेटा गया था। लेकिन इस हत्या की वजह क्या थी? क्या यह संपत्ति विवाद था या फिर अवैध संबंध के चलते यह हत्या की गई? यही सवाल उठ रहा है। जांच के लिए मृतक के बेटे नयन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि उसके मोबाइल फोन की कॉल लिस्ट भी चेक की जा रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

## शमी को अलग रह रही पत्नी-बेटी को हर माह 4 लाख गुजारा भत्ता देना होगा, हाईकोर्ट का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोहम्मद शमी और हसीन जहां के बीच चल रहे कानूनी विवाद को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। अदालत में न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की एकल पीठ ने गुजारा भत्ता देने का आदेश पारित किया। जस्टिस मुखर्जी ने अपने आदेश में कहा, विपक्षी पार्टी / पति (मोहम्मद शमी) की आय, वित्तीय दस्तावेजों और आय को देखते हुए साफ है कि वह अधिक राशि का भुगतान करने की स्थिति में है। याचिकाकर्ता (हसीन जहां) अपनी बच्ची के साथ स्वतंत्र रूप से अलग रह रही है।कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, शमी से अलग रह रही पत्नी वैसा ही भरण-पोषण पाने की हकदार है, जैसा उसे विवाह के दौरान मिला। इससे उसके और बच्ची के भविष्य



को उचित रूप से सुरक्षित किया जा सकेगा।अदालत की राय में पत्नी को 1.50 लाख रुपये प्रतिमाह और बेटी को हर महीने 2.50 लाख रुपये दिया जाना उचित होगा। ये राशि उस समय तक देनी होगी, जब तक मुख्य याचिका का निपटारा नहीं हो जाता। अदालत ने इस बात को रेखांकित किया कि मुख्य याचिका के निपटारे तक दोनों याचिकाकर्ताओं की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना अहम है।

## हुगली में सड़क सुरक्षा रैली, एसपी ने दिखाई हरी झंडी

### सैकड़ों बाइकर्स ने दिया ट्रैफिक नियमों का संदेश

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली ग्रामीण पुलिस की ओर से मंगलवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली कमारकुंडू पुलिस मुख्यालय से शुरू होकर सिंगुर के नसीबपुर तक निकाली गई। जिला पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। रैली में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ सिविक वॉलंटियर्स, महिला व पुरुष पुलिसकर्मी और कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सैकड़ों बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर और हाथों में जागरूकता पोस्टर लेकर आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश दिया।रास्ते भर सेफ ड्राइव, सेव लाइफ, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं जैसे स्लोगन वाले पोस्टर, बैनर और नारों से माहौल गूंजता रहा। लोगों ने सड़क किनारे खड़े




होकर रैली को सराहा और संदेश को गंभीरता से लिया।एसपी कामनाशीष सेन ने कहा कि, हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और ट्रैफिक नियमों का पालन करना न सिर्फ कानून का पालन है, बल्कि यह जीवन रक्षा का भी तरीका है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह खुद भी नियम माने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।रैली के समापन पर स्थानीय ट्रैफिक पुलिस की ओर से हेलमेट की अनिवार्यता, ओवरस्पीडिंग के खतरे, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग से बचाव जैसे मुद्दों पर संक्षिप्त जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि एक छोटी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती है।

## गायघाटा में पड़ोसी युवक पर नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के गायघाटा थाना इलाके में सोमवार को एक पड़ोसी पर मैदान में अकेला पाकर 15 साल की एक लड़की से यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा है। नाबालिग के परिवार ने रात में गायघाटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, लड़की के माता-पिता की पांच साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। वर्तमान में, वह अपने चाचा के साथ रहती है। इस दिन, नाबालिग लड़की अपने घर से कुछ दूरी पर एक मैदान में पोल्ट्री फार्म में काम करने गई थी। आरोप है कि उस समय, आरोपी ने उसे अकेला पाकर जबरन पोल्ट्री फार्म के पीछे ले जाने की कोशिश करने लगा। लड़की ने हाथ में मौजूद



कैंची से आरोपी के सिर पर वार किया और भाग गयी। उसने घर जाकर परिवार को मामले की जानकारी दी। बाद में, परिवार ने रात में गायघाटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिवार का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है। आरोपी ने पहले भी कई बार लड़की को छेड़ा है। बुरे सुझाव दिए हैं। उन्होंने आरोपी के लिए कानूनी सजा की मांग की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद उसी रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, लड़की की शारीरिक जांच भी कराई गई।

## 'साधु-संतों पर हमला': बलात्कार मामले में प्राथमिकी रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे कार्तिक महाराज

**कोलकाता :** पद्मश्री से सम्मानित सन्यासी और बेलडांगा भारत सेवाश्रम संघ के प्रमुख कार्तिक महाराज खुद पर लगे बलात्कार के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग लेकर मंगलवार को कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचे।

मामले की सुनवाई बुधवार को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ में होगी।

कार्तिक महाराज पर आरोप है कि उन्होंने 2013 में नौकरी का लालच देकर एक महिला के साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने पिछले सप्ताह नवग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि महाराज ने उन्हें मुर्शिदाबाद के चाणक्य इलाके में एक आश्रम के प्राइमरी स्कूल में



शिक्षिका की नौकरी दी थी और वहीं रहने के लिए एक कमरा भी दिया गया था।

आरोप है कि एक रात महाराज ने अचानक आकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला, जिसे मजबूर होकर स्वीकार करना पड़ा। इसके बाद कई दिनों तक उनके साथ यौन उत्पीड़न हुआ।

इस शिकायत के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने कार्तिक महाराज को नवग्राम थाने में तलब किया था, लेकिन वे वहां हाज़िर होने के बजाय कोलकाता हाईकोर्ट में पेश होकर प्राथमिकी रद्द करने की अर्जी दाखिल कर दी।

महाराज ने कोर्ट में कहा, मैं भारत सेवाश्रम संघ से जुड़ा हूं और मुझे 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया है। 13 साल बाद कोई महिला इस तरह का आरोप लेकर सामने आई है। यह साफ तौर पर साधु-संतों पर हमला है।

अब इस संवेदनशील मामले की अगली सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में होगी, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## 15-शहरों में मोबिलिटी को विस्तार देने के बाद रैपिडो अब पहुंचा समूचे पश्चिम बंगाल में

**बालुरघाट :** भारत के सबसे बड़े राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने पश्चिम बंगाल के 15 नए शहरों में अपनी बाइक टैक्सी और ऑटो सेवाओं की शुरुआत कर राज्य में अपने ऐप-आधारित मोबिलिटी समाधान को बड़ा विस्तार दिया है। इस रणनीतिक विस्तार के साथ रैपिडो अब मालदा, खड़गपुर, मुर्शिदाबाद, पुरुलिया, कृष्णानगर, झाड़ग्राम, बसीरहाट, बालुरघाट, पूर्व मेदिनीपुर, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, सुरी, बोलपुर, बर्धमान और बांकुरा सहित पूरे राज्य के हर जिले में अपनी सेवाएं दे रहा है। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुन्टुपल्ली ने कहा, हमें खुशी है कि रैपिडो अब पश्चिम बंगाल के और भी अधिक लोगों के लिए विश्वसनीय परिवहन का माध्यम बन रहा है। यह केवल यात्रा की सुविधा नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए आजीविका के नए अवसर भी लेकर आया है।

## हावड़ा के आमता में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली



**हावड़ा :** हावड़ा जिले के आमता थाना अंतर्गत भांडारगाछा क्षेत्र के घोष बाकुली पाड़ा गांव में सोमवार को एक घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सूझबूझ से सिलेंडर को पास के एक तालाब में फेंक दिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। चंद्रपुर फांड़ी के प्रभारी अधिकारी स्वर्णाभ राय, अधिकारी प्रद्युत कुमार पात्र और चंद्रपुर फांड़ी के अन्य पुलिसकर्मी, सिविक वॉलंटियर तथा स्थानीय ग्राम सदस्य राजू बाग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया और सभी को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों और प्रशासन की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में आ गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में डॉक्टर दिवस पर समर्पित चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में डॉक्टर दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पित डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन चिकित्सकों के प्रति आभार प्रकट करना था, जिन्होंने रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी निःस्वार्थ सेवा से समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय के छात्रों ने पूरे उत्साह और कृतज्ञता के साथ इस अवसर को मनाया। बच्चों ने स्कूल अस्पताल का दौरा कर समर्पित चिकित्सा कर्मचारियों से बातचीत की और डॉक्टर बनने के सपनों को साझा किया। शिक्षकों ने डॉक्टरों के जीवन



और उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों की प्रेरक कहानियां सुनाईं, जिससे छात्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें डॉक्टरों के अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए और स्वास्थ्य व कल्याण के महत्व को अपने जीवन और स्कूल समुदाय में अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को डॉक्टरों की सेवाओं के महत्व के प्रति जागरूक किया और उनके स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा दी।

## साल्टलेक में सरकारी आवास के नीचे से सातवीं कक्षा की छात्रा का लहूलुहान शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक के बीसी ब्लॉक स्थित सरकारी आवास के नीचे से लोरेटो स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा को लहूलुहान हालत में बरामद किया गया। जब उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान अद्रिजा सेन के रूप में की गई है। परिवार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। परिवार का दावा है कि अद्रिजा ने आत्महत्या नहीं की हो सकती। उत्तर बिधाननगर थाने ने जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि गत रविवार को उक्त छात्रा को साल्टलेक के बीसी ब्लॉक स्थित उसके सरकारी आवास के नीचे से लहूलुहान हालत में बचाया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच के आधार पर छात्रा ने चौथी मंजिल की छत से आत्महत्या का



प्रयास किया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए आरजी कर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। सीसीटीवी न होने की वजह से जांच अधिकारियों को जांच करने में थोड़ी दिक्कत हो रही है। उन्होंने आसपास के इलाके से जानकारी और सबूत जुटाए हैं। पुलिस ने लड़की का फोन और डायरी पहले ही जब्त कर ली है।

## मुर्शिदाबाद में जमीन विवाद में बमबारी से एक व्यक्ति की मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले के नोउदा थानांतर्गत अलीनगर गांव में मंगलवार की सुबह एक पारिवारिक जमीन के विवाद में हुए बमबारी में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रफीकुल शेख के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रफीकुल शेख और उसके चचेरे भाइयों के बीच काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस दिन, सुबह में फिर बहस छिड़ गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि इसी झड़प के दौरान रफीकुल पर बम से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय गांव में अफरा-तफरी मच गई। रफीकुल का शव सड़क पर लहूलुहान पड़ा मिला। उसकी मौत की खबर से इलाके में उबाल आ गया। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही नोउदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने शव को पुलिस के सामने रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी देर तक चली तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस ने हालात काबू में किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपितों की तलाश में छापेमारी चल रही है। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह सिर्फ जमीन विवाद था या इसके पीछे कोई बड़ी आपराधिक साज़िश भी छिपी है। फिलहाल, गांव में अशांति की आशंका को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से की मुलाकात, मतदाता सूची सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ से मुलाकात की और सुझाव दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए 2024 को आधार वर्ष माना जाना चाहिए। आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने राजनीतिक दलों के साथ अपने संपर्क के तहत तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनके सुझाव प्राप्त किए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ बैठक में, तृणमूल नेताओं ने दोहरे मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड और मतदाता सूची के एसआईआर सहित अन्य मुद्दे उठाए। बैठक के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए, तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी




ने कहा कि उन्होंने एसआईआर सहित कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कल्याण ने कहा कि आयोग ने कहा कि एसआईआर के पीछे उनका उद्देश्य यह है कि कोई भी मतदाता छूट नहीं जाए। लेकिन हाल में जारी कुछ परिपत्रों के आधार पर, दृष्टिकोण पहले पात्रता और बाद में समावेश का प्रतीत होता है। तृणमूल नेताओं ने सुझाव दिया कि एसआईआर के लिए 2024 को आधार वर्ष बनाया जाना चाहिए। कल्याण ने कहा कि सशोधित मतदाता सूची के बारे में, हमने बताया कि यद्यपि आप संशोधन के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह भ्रम पैदा कर रहा है। कानून के तहत, संशोधन 2024 पर आधारित होना चाहिए, जो कि आधार स्तर है। इसका मतलब है कि 2024 तक नामांकित मतदाता किसी भी स्थिति के बावजूद बने रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग ने इस पर ध्यान दिया और कहा कि वे इस पर विचार करेंगे। तृणमूल सांसद ने कहा कि उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्य चिंता 'जन्म प्रमाण पत्र' की आवश्यकता है, जिस पर निर्वाचन आयोग ने कहा कि जो मतदाता हैं वे मतदाता बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जो पहले से मतदाता हैं, वे मतदाता बने रहेंगे। अगर इसके बाद कोई भी नाम जोड़ा जाता है, तो वह सबूतों के आधार पर होगा। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव से पहले कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़ने पर भी चिंता जताई और हरियाणा और दिल्ली का उदाहरण दिया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि चुनाव से पहले केवल 18 से 21 वर्ष की आयु के नए मतदाताओं को ही जोड़ा जाना चाहिए। तृणमूल सांसद ने कहा कि लेकिन 50-60 वर्ष की आयु के लोग अचानक बड़ी संख्या में मतदाता सूची का हिस्सा कैसे बन सकते हैं और नए जोड़े गए लोगों की संख्या 40,000 कैसे हो सकती है? तृणमूल नेताओं ने मतदान के आंकड़ों को देर से जारी किए जाने का मुद्दा भी उठाया। विधायक व राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय बलों के बूथों में घुसने और कुछ जगहों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का मुद्दा भी उठाया। फिरहाद ने कहा कि हमने उन्हें प्रस्ताव दिया कि अगर केंद्रीय बल हैं, तो राज्य पुलिस को भी बूथ के अंदर होना चाहिए। मतदान वाले क्षेत्र में कोई भी बल बूथ के अंदर प्रवेश नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी लोकतंत्र में दो चीजों का सम्मान करती हैं - निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय। हमारा मानना है कि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में फिरहाद हकीम और कल्याण बनर्जी के अलावा तृणमूल विधायक और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, अरूप बिस्वास और राज्यसभा सदस्य प्रकाश चिक बराइक शामिल थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पूर्व रेलवे ने आसनसोल–पटना श्रावणी मेला विशेष अनारक्षित ट्रेन की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए आसनसोल से पटना तक और वापस के लिए 03511/03512 आसनसोल–पटना–आसनसोल श्रावणी मेला विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन श्रावण मास के दौरान भगवान शिव की पूजा–अर्चना करने आए भक्तों की सहूलियत के लिए चलाई जाएगी। 03511 आसनसोल–पटना श्रावणी मेला विशेष ट्रेन 11 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शाम 5 बजे आसनसोल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 1:30 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं, 03512 पटना–आसनसोल श्रावणी मेला विशेष ट्रेन 12 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक शनिवार, रविवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सुबह 2:50 बजे पटना से प्रस्थान कर उसी दिन सुबह 10:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जामुई, किउल, लखीसराय, मनकठा, बरहिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहिब और राजेंद्र नगर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगा।

### दहेज हत्या के जुर्म में पति को सात साल की सजा

**कुशीनगर (उप्र) :** कुशीनगर की एक स्थानीय अदालत ने दहेज हत्या के आठ साल पुराने मामले में आरोपी पति को मंगलवार को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सुबूतों के अभाव में मृत महिला की सास और ससुर को बरी कर दिया। अभियोजन अधिकारी (एपीओ) उपेंद्र पाठक के मुताबिक 25 अगस्त 2017 को रामकोला थाना क्षेत्र के हरपुर माफी गांव में नवविवाहिता इंदु की दहेज के लिए उसके ससुराल के लोगों ने हत्या कर दी थी। पीड़िता के पिता मोहन ने रामकोला थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मंटू ने अपने माता–पिता यशोदा और श्रीपत के साथ मिलकर इंदु को दहेज के रूप में मोटरसाइकिल और अन्य सामान की मांग को लेकर बार–बार परेशान किया और आखिरकार उसकी हत्या कर दी। पाठक ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश इफराक अहमद ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मंटू को दोषी करार देते हुए सात साल की कैद की सजा सुनाई और उसपर सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### राजस्थान : झुंझुनू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कमरे की छत गिरी, कोई नुकसान नहीं

**जयपुर :** राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के कमरे की छत का एक हिस्सा सोमवार को गिर गया। इस हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के खेतड़ी उपखंड के जसरापुर गांव में हुई। इस घटना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को जीर्ण–शीर्ण इमारत के बाहर काम करना पड़ रहा है, जहां वे खुले में मरीजों को देख रहे हैं। इस घटना से पीएचसी के कर्मचारियों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। उन्होंने कहा कि पीएचसी की इमारत लंबे समय से दयनीय स्थिति में है फिर भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण वहीं से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।

### बहराइच में बारिश के पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में बारिश के पानी से भरे एक अस्थाई गड्ढे में मंगलवार को नहाने उतरे दो सगे भाइयों सहित तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गयी। प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पयागपुर अश्विनी पांडे ने संवाददाताओं को बताया कि जैनुल आबदीन (10), मोहम्मद आलम (07) और दस्तगीर (09) मंगलवार सुबह नहर पटरी के किनारे बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में नहाने उतरे थे। नहाते समय तीनों डूब गये। ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर तीनों को नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# देश की करोड़ों महिलाओं के लिए आदर्श हैं राष्ट्रपति मुर्मू : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'करोड़ों भारतीय महिलाओं के लिए प्रेरणा' और 'शून्य से शिखर' तक की यात्रा का प्रतीक बताते हुए मंगलवार को कहा कि उनका जीवन दर्शाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प और राष्ट्र–प्रथम की भावना के साथ हम प्रतिकूल परिस्थितियों से ऊपर उठ सकते हैं। राष्ट्रपति द्वारा गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में नयी शैक्षणिक सुविधाओं का उद्घाटन और एक बालिका छात्रावास की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रपति जी देश की कोटि–कोटि मातृशक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। फर्श से अर्श की यात्रा, शून्य से शिखर की यात्रा कैसे होती है, वह उसकी एक विशिष्ट पहचान हैं। आदित्यनाथ ने कहा, देश के लिए संघर्षों से जिन्होंने अपना रास्ता तैयार किया हो, विपरीत परिस्थितियों और आपदाओं का सामना करते हुए भी अपने स्वयं के संकट को कभी प्रगति के मार्ग में बाधा न मानते हुए उन्होंने हमेशा राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ पूरा जीवन समाज के वंचित तबकों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति जी का गोरखपुर के दो दिन प्रवास और उनका जो विशेष सानिध्य गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ, उसका आभार व्यक्त करते हुए हृदय से उनका स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर की दो दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति की सराहना करते हुए



कहा, राष्ट्रपति जी जमीनी स्तर से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की यात्रा का प्रतीक हैं। उनका जीवन दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और राष्ट्र और वंचितों के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के बावजूद गोरखपुर में राष्ट्रपति का कार्यक्रम शिक्षा, सार्वजनिक सेवा और युवा सशक्तीकरण के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### यूपी के छह मंडलों में आयुष पद्धति के एक–एक महाविद्यालय की स्थापना होगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने तय किया है कि जहां आयुष पद्धति का कोई महाविद्यालय नहीं है, उन मंडलों में भी आयुष पद्धति का एक–एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में स्थापित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया। इसे 268 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस मौके पर योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छह मंडल ऐसे हैं, जहां आयुष पद्धति का कोई महाविद्यालय नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि उन मंडलों में एक–एक आयुष पद्धति का कॉलेज स्थापित किया जाएगा। योगी ने कहा कि हर जनपद में आरोग्यता के लिए एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनेगा, जो कम से कम 100 बिस्तरों का होगा।

## आसनसोल मंडल ने चित्तरंजन–दुमका स्टेशनों पर नई लिफ्टें यात्रियों के लिए की समर्पित



**आसनसोल :** आसनसोल मंडल द्वारा चित्तरंजन और दुमका रेलवे स्टेशनों पर दो नई यात्री लिफ्टें चालू कर दी गई हैं। जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने में अब और अधिक सुविधा और सहूलियत मिलेगी। ये लिफ्टें अब सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध हैं और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग जनों, महिलाओं और भारी सामान ले जाने वाले यात्रियों के लिए लाभकारी साबित होंगी। चित्तरंजन रेलवे स्टेशन पर 13 यात्रियों की क्षमता वाली लिफ्ट प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के बीच स्थापित की गई है। यह नई सुविधा यात्रियों को सुरक्षित और सहज ऊर्ध्वगामी आवागमन प्रदान करेगी और भीड़भाड़ या खराब मौसम के दौरान सीढ़ियों या रैंप पर निर्भरता को कम करेगी। इसी तरह दुमका रेलवे स्टेशन पर भी प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर 13 यात्रियों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाई गई है। दुमका एक प्रमुख टर्मिनल स्टेशन होने के कारण यह लिफ्ट दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों दोनों की यात्रा को अधिक आरामदायक और सुलभ बनाएगी। दोनों लिफ्टों को अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिनमें ऑटोमैटिक रेस्क्यू डिवाइस, इमरजेंसी स्टॉप बटन, वॉयस इंस्ट्रक्शन, हैंडरेल और उचित प्रकाश व्यवस्था शामिल हैं। इनका नियमित रखरखाव किया जाएगा ताकि इनकी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहें।

## यूपी : 25 साल पुराने हत्या के मामले में भाजपा नेता समेत दो लोगों को आजीवन कारावास

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने बहुचर्चित जनार्दन सिंह हत्याकांड मामले में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय सिंह विद्यार्थी व प्रमोद कुमार सिंह को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता लाल बहादुर पाल ने बताया कि यह मामला 25 वर्ष पूर्व तीन अक्टूबर 2000 को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार का है। वादी अनिरुद्ध सिंह ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनके भाई जनार्दन सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से चार दिन पहले वादी का भतीजा देवेंद्र सिंह बाजार गया था, जहां सोनिकपुर निवासी अजय कुमार ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसके काम में किसी ने दखल दिया, तो गोली मार दी जाएगी। इस पर वादी ने एक पंचायत बुलाई, जिसकी जानकारी अजय समेत विजय सिंह विद्यार्थी को हो गई। इस पर वे लोग नाराज हो गए। वारदात वाले दिन वादी का भाई जनार्दन सिंह और भतीजा देवेंद्र जब इटौरी बाजार से लौट रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों से अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह तथा प्रमोद कुमार सिंह वहां पहुंचे। विजय और प्रमोद ने जनार्दन को पकड़ लिया और गोली चला दी, जिससे जनार्दन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की आवाज पर वादी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी आरोपी एक ही मोटरसाइकिल से भाग निकले। दूसरी बाइक घटनास्थल पर ही छूट गई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

## बाराबंकी में हिंसा और हत्या के 18 साल पुराने मामले में 12 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले की एक विशेष अदालत ने हिंसा और हत्या के 18 वर्ष पुराने मामले में 12 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 1.18 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि वादी पक्ष के भी पांच लोगों को तीन–तीन वर्ष की कैद और 10–10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन अधिकारी कृपा शंकर ने बताया कि विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) वीना नारायन की अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया जिसमें 12 लोगों को हत्या, बलवा और दलित उत्पीड़न के अपराध के लिए दोषी ठहराया। यह मामला चार मार्च 2007 का है। पटरांगा थाना क्षेत्र के सरैठा निवासी कृष्ण मगन ने अजय सिंह के साथ हुए विवाद के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ग्राम प्रधान चुने जाने से अजय सिंह व उनके साथी उनसे नाराजगी रखते थे। गांव का कोटा निरस्त हो जाने के कारण अजय सिंह के साथी कोटेदार राम प्रसाद भी उनसे रंजिश रखने लगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कृष्ण मगन अपने मित्र मंसाराम के साथ शिवनगर चौराहे पर चाय पीने गए थे जहां अजय सिंह और सहजराम सिंह से उनकी कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर बाद अजय सिंह, राम प्रसाद और कुछ अन्य लोगों ने मगन के परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक चेतराम की बाद में रुदौली अस्पताल में मौत हो गई। कृपा शंकर ने बताया कि अदालत ने अजय सिंह, जगन्नाथ सिंह, विनोद सिंह, कृष्ण मगन सिंह, सहज राम सिंह, करुणा शंकर सिंह, संजय मिश्रा, साहब बक्श सिंह, मुन्ना सिंह, मुकुट सिंह, प्रमोद कुमार सिंह व राकेश कुमार तिवारी को हत्या, हत्या का प्रयास, आगजनी व एससी/एसटी अधिनियम और बलवा की धाराओं में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी उमेश्वर प्रताप सिंह, भैरव बक्श सिंह और शंकर बक्श सिंह को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

## राजस्थान: दो बच्चों के साथ कुएं में कूदी महिला, पुलिस को वैवाहिक विवाद के चलते आत्महत्या का संदेह

**कोटा :** राजस्थान के झालावाड़ जिले में 27 वर्षीय एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ कथित तौर पर कुएं में छलांग लगा दी। पुलिस को संदेह है कि वैवाहिक विवाद के कारण उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को सुनेल क्षेत्र के दुबलिया गांव में घटित हुई। सुनेल थाना प्रभारी विष्णु सिंह ने बताया कि अनिल गुर्जर की पत्नी रामभरोसे बाई अपनी बेटी प्राची (तीन) और बेटे गुरु (एक) के साथ अपने खेत में स्थित कुएं में कूद गईं। अधिकारी ने बताया कि रस्सी से बंधे शवों को रात करीब नौ बजे कुएं से बरामद किया गया और पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रख दिया गया। मंगलवार सुबह शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। आगे की जांच के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, दंपत्ति झालरापाटन कस्बे के गुर्जर मोहल्ला स्थित अपने पैतृक घर में अनिल के बड़े भाई के साथ रह रहे थे, लेकिन महिला अलग घर में रहना चाहती थी। सोमवार दोपहर को परिवार दुबलिया गांव में अपनी कृषि भूमि पर नए बने घर में रहने के लिए चला गया। शाम को अनिल घरेलू सामान खरीदने के लिए बाजार गया और वापस लौटने पर पाया कि उसकी पत्नी और बच्चे गायब हैं। उसने पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने खोजबीन शुरू की और कुएं से तीनों शव बरामद किए।

## हुल दिवस पर हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**रांची :** झारखंड के साहेबगंज जिले के भोगनाडीह में 'हुल दिवस' के मौके पर सोमवार को पुलिस और ग्रामीणों के बीच हुई झड़प के सिलसिले में दो लोगों को मंगलवार को गोड्डा जिले से गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और अन्य सामान जब्त किए गए हैं और एक आरोपी का झारखंड में एक राजनीतिक पार्टी के वरिष्ठ नेता से कथित तौर पर संबंध है। गोड्डा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मुकेश कुमार ने संवाददाताओं को बताया, साहेबगंज पुलिस से मिली सूचना के आधार पर हमने



भोगनाडीह घटना के संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जमशेदपुर निवासी सुधीर कुमार और ओडिशा निवासी गणेश मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने सोमवार को भोगनाडीह में 'हूल दिवस' के अवसर पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह से पहले साहेबगंज जिला प्रशासन द्वारा कथित तौर पर एक मंच को हटाए जाने का विरोध कर रहे लोगों के एक समूह पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।

## स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार : राष्ट्रपति मुर्मू

**गोरखपुर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही संपदा है और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो ही 2047 तक विकसित भारत तथा विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। राष्ट्रपति ने गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस विश्वविद्यालय को 268 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एक अन्य कार्यक्रम में मुर्मू ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह एवं पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण एवं महिला छात्रावास का शिलान्यास भी किया। विश्वविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में मुर्मू ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को




राष्ट्रपति ने यूपी को दी पहले आयुष विश्वविद्यालय की सौगात

धन्यवाद देते हुए कहा, 'आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को पहचान मिली है। कठिन परिश्रम करने वालों के लिए योग उतना आवश्यक नहीं है, लेकिन जो दफ्तर में काम करते हैं उनके लिए जरूरी है।' उन्होंने योग और भारत की गौरवमयी परंपरा का जिक्र करते हुए कहा, 'हम भारत के पूर्वजों, मुनियों–ऋषियों की उत्तर पीढ़ी कहलाते हैं तो उनका मान रखना होगा।' राष्ट्रपति ने कहा, 'आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है तो उसे आगे बढ़ाने के लिए सभी भारतवासियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। स्वास्थ्य ही संपदा है और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो 2047 तक विकसित भारत बनने का सपना साकार होगा और इसके लिए आज से ही प्रयास करना होगा।' मुर्मू ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि इस विश्वविद्यालय में आयुष पद्धतियों से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी दी जाएगी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के विश्व स्तरीय शोध पर विशेष बल दिया जाएगा।

### गीता प्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात उन्हें पुस्तकें भेंट कीं

## 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत उत्तर प्रदेश में 97 हजार से अधिक मामलों में दोषसिद्धि

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार के 2023 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत इस साल जून के मध्य तक 97,000 से अधिक मामलों में दोषसिद्धि हुई है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अभियोजन दीपेश जुनेजा ने बताया, 'सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत एक जुलाई 2023 से 15 जून 2025 तक 97,158 अपराधियों को विभिन्न श्रेणियों में सजा दिला दिलायी गयी।' जुनेजा ने बताया कि 1,14,029 चिह्नित मामलों में से 74,388 मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान 68 आरोपियों को मृत्युदंड, 8,172 को आजीवन कारावास, 1,453 को 20 वर्ष से अधिक की सजा और 87,465 अपराधियों को 20 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने गंभीर अपराधों में त्वरित व प्रभावी न्याय सुनिश्चित किया है। बयान में कहा गया कि संगठित अपराध को लक्ष्य करते हुए शीर्ष 10 अपराधियों से जुड़े 272 मामलों में 395 आरोपियों को दोषी ठहराया गया। बयान के अनुसार माफिया के खिलाफ कार्रवाई के तहत चिह्नित 69 माफियाओं में से 29 को सजा दिलाना प्रशासन की बड़ी सफलता है।

## राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश : मौसम विभाग

**जयपुर :** दक्षिण पश्चिम मानसून के प्रभाव के चलते बीते चौबीस घंटे में राजस्थान में कई जगह अति भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, सर्वाधिक बारिश धौलपुर के बाड़ी में 158 मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग ने राज्य में मंगलवार को कई जगहों पर भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक, मंगलवार सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम, जबकि कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, पश्चिमी राजस्थान में कई जगहों पर हल्की वर्षा हुई। केंद्र के अनुसार, पूर्वी भारत के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र मंगलवार को परिसंचरण तंत्र के रूप में बदल



चुका है। उसने बताया कि मानसून ट्रफ लाइन मंगलवार को गंगानगर, रोहतक से होकर गुजर रही है, जिसके असर से पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। केंद्र के मुताबिक, मंगलवार को कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी/अति भारी बारिश हो सकती है। उसने बताया कि बारां, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा और आसपास के इलाकों में एक–दो जगह पर अत्यंत भारी बारिश होने तथा जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

## आरेडिका ने पहले तीन महीनों में बनाया 429 कोच, 14,000 कोच का आंकड़ा पार

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम तीन महीनों में कुल 429 कोचों का सफलतापूर्वक निर्माण किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 385 कोचों की तुलना में 44 कोच अधिक है।उत्पादित 429 कोचों में 'दीन दयालु' श्रेणी के सर्वाधिक 111 कोच, 83 स्लीपर कोच, 36 एसी–3 टियर कोच एवं 10 एसी–2 टियर कोच शामिल हैं।महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आरेडिका ने बीते दो वर्षों से उत्पादन वृद्धि की सतत वृद्धि बनाए रखा है और चालू वर्ष में भी यह रफ्तार लगातार जारी है।आरेडिका ने अपनी स्थालपना से जून 2025 में 14,000वें कोच के उत्पादन का महत्वपूर्ण आंकड़ा भी पार किया है, जो कारखाने के इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि है।व्हील उत्पादन में भी अभी तक का बेहतर प्रदर्शन:वित्तीय वर्ष 2025–26 के पहले तीन महीनों में आरेडिका ने 15,088 फोर्ज्ड व्हीलों का उत्पादन किया, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के 6,898 पहियों की तुलना में 119% अधिक है। महाप्रबंधक मिश्रा ने कहा कि हम कोच निर्माण के साथ–साथ फोर्ज्ड व्हील उत्पादन में भी लगातार योजनाबद्ध तरीके से वृद्धि कर रहे हैं। इस वर्ष का हमारा लक्ष्य 50,000 से अधिक व्हीलों एवं 2,700 से अधिक कोचों का उत्पादन करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आरेडिका का प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदा कर्मी पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## बिहार सरकार ने 'इंटर्नशिप' करने वाले युवाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए योजना शुरू

**पटना :** बिहार सरकार ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास करने के बाद युवाओं को 'इंटर्नशिप' के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा' योजना शुरू की। युवाओं की बेरोजगारी को दूर करने और छात्रों के बीच उद्यमशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से सशुल्क 'इंटर्नशिप' कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस. सिद्धार्थ ने कहा, मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा' योजना को मंजूरी दी। इस योजना में कौशल




विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले या फिर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुके 18 से 28 वर्ष की आयु के युवाओं को इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। सिद्धार्थ ने कहा कि इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान युवाओं को तीन महीने से लेकर 12 महीने तक की अवधि के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्चतर माध्यमिक परीक्षा पास करने वालों को इंटर्नशिप के लिए 4,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे जबकि आईटीआई डिप्लोमा पास उम्मीदवारों को 5,000 रुपये प्रति माह और स्नातक व स्नातकोत्तर युवाओं को 6,000 रुपये प्रति माह की इंटर्नशिप राशि मिलेगी। इसके अलावा, जो युवा अपने गृह जिले से बाहर इंटर्नशिप कार्यक्रमों के लिए जाएंगे, उन्हें आजीविका सहायता के रूप में प्रति माह 2,000 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे, जबकि राज्य से बाहर इंटर्नशिप करने वालों को प्रति माह 5,000 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे।

## बिहार मंत्रिमंडल ने सीतामढ़ी में मंदिर के विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये मंजूर किये

**पटना :** बिहार सरकार ने सीतामढ़ी जिले में स्थित हिंदू तीर्थ स्थल पुनौराधाम जानकी मंदिर के समग्र विकास के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को मंगलवार को मंजूरी दे दी। सीतामढ़ी जिले को सीता का जन्मस्थान माना जाता है। यह निर्णय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। कुमार ने मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को आज कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है। आज



कैबिनेट में पुनौराधाम के समग्र विकास के लिए तैयार की गई वृहद योजना के लिए 882 करोड़ 87 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।' मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत राज्य पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, पुराने पुनौराधाम जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार पर करीब 137 करोड़ रुपये और मंदिर के आसपास पर्यटक आधारभूत संरचना के विकास पर 728 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शेष राशि दस वर्षों तक आधारभूत संरचना के रखरखाव पर खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री कुमार ने कहा, 'इस योजना का जल्द ही कार्यारंभ कर दिया जाएगा। मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत और फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं जिनमें मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन के अलावा अन्य हथियारों और सेवाओं के कर्मी हैं। संयुक्त अभ्यास मोनक्लर जिले के एवेरॉन और हेराल्ट में आयोजित किया गया।

### दुनिया के सबसे पुराने मौसम केंद्रों में से एक ने 130 साल में वर्ष की सबसे शुष्क पहली छमाही दर्ज की

जर्मनी के पोट्सडैम स्थित विश्व के सबसे पुराने मौसम केंद्रों में से एक ने 130 वर्ष से अधिक पहले बारिश मापने के लिए शुरू की गयी प्रक्रिया के बाद से सबसे शुष्क पहली छमाही दर्ज की है। यह जानकारी पोट्सडैम जलवायु प्रभाव अनुसंधान संस्थान (पीआईके) ने दी। जर्मन मौसम सेवा द्वारा संचालित यह केंद्र 1893 से लगातार चल रहा है और जलवायु प्रवृत्तियों पर नज़र रखने के लिए एक प्रमुख केंद्र है। यह वर्तमान मौसम की स्थितियों, जैसे तापमान, वर्षा और धूप की तुलना दीर्घकालिक जलवायु पैटर्न से करने में मदद करता है। पीआईके के जलविज्ञानी फ्रेड हैटरमैन ने कहा, वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, पॉट्सडैम स्थित केंद्र 2025 की पहली छमाही में संभवतः अब तक की सबसे कम (मात्र 146.8 मिलीमीटर) वर्षा रिकॉर्ड कर सकता है, जो 1942 की इसी अवधि (158.5 मिलीमीटर) के पिछले रिकॉर्ड से भी कम है। उन्होंने कहा, वर्ष की पहली छमाही में इस स्थान के लिए वर्षा का दीर्घकालिक औसत लगभग 300 मिलीमीटर है। हालांकि जनवरी में पूरे जर्मनी में भारी बारिश हुई, लेकिन फरवरी में इसमें काफी गिरावट आई और मार्च में यह लगभग नगण्य रही।

### असम में अवैध मवेशी वध और 'बीफ' बेचने के आरोप में 133 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम मवेशी संरक्षण अधिनियम के कथित उल्लंघन के आरोप में मंगलवार को कम से कम 133 लोगों को गिरफ्तार किया गया और राज्य भर में एक टन से अधिक संदिग्ध 'बीफ' जब्त किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) अखिलेश कुमार सिंह के अनुसार, अवैध रूप से मवेशियों के वध और रेस्तरां में अनधिकृत रूप से 'बीफ' बेचने की कथित घटनाओं की जांच के लिए राज्य भर में अभियान शुरू किया गया था। असम में 'बीफ' का सेवन गैरकानूनी नहीं है, लेकिन असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 उन क्षेत्रों में गोवंश के पशुओं के वध और उनके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है, जहां हिंदू, जैन और सिख बहुसंख्यक हैं और जो क्षेत्र किसी मंदिर या सत्र (वैष्णव मठ) के पांच किलोमीटर के दायरे में आते हैं। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य असम मवेशी संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन को रोकना है। हमने होटलों और रेस्तराओं पर छापे मारे, राज्य भर के कई पुलिस थानों में दर्जनों मामले दर्ज किए और कई लोगों को हिरासत में लिया।

# नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए नये आपराधिक कानून तैयार किये गए : गृह मंत्री शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू किये जाने को स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार देते हुए मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने इन्हें इस तरह से तैयार किया है कि नागरिकों के सभी अधिकार सुरक्षित रहें और कोई भी अपराधी सजा से न बच पाए। नये आपराधिक कानूनों -- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के लागू होने के एक साल पूरे होने पर यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ये कानून देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल बदलाव लाने जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, ''मैं भारत के सभी




नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि नये कानूनों के पूर्ण क्रियान्वयन में अधिकतम तीन साल लगेंगे। मैं यह भी विश्वास के साथ कह सकता हूं कि किसी भी व्यक्ति को प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर न्याय मिल सकेगा।'' बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। नये कानून 1 जुलाई 2024 को लागू हुए थे। गृह मंत्री ने तीनों नये कानूनों को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा सुधार करार देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अपराधी अपराध करने के बाद सजा से न बच सके। उन्होंने कहा कि निश्चित समय के भीतर न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आपके लिए कानून बनाए हैं और ये आपके सभी अधिकारों की रक्षा करेंगे। एक जुलाई 2024 से सभी नयी प्राथमिकियां बीएनएस के तहत दर्ज की गईं। हालांकि, पहले दर्ज किये गए मामलों के निपटारे तक पुराने कानूनों के तहत उनमें मुकदमा चलाया जाता रहेगा। नये कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लेकर आए हैं, जिनमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सम्मन और सभी जघन्य अपराधों के लिए अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल हैं। 'जीरो एफआईआर' किसी भी पुलिस थाने में दर्ज की जा सकती है, चाहे अपराध किसी भी स्थान पर हुआ हो। बाद में, इसे संबद्ध थाने को हस्तांतरित कर दिया जाता है। इन कानूनों में वर्तमान सामाजिक वास्तविकताओं और आधुनिक समय के अपराधों को ध्यान में रखा गया है तथा संविधान में निहित आदर्शों को ध्यान में रखते हुए इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक तंत्र प्रदान किया जाएगा।

# दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर रोक शुरू, पेट्रोल पंप पर दल तैनात

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं। परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। चिराग दिल्ली के ढींगरा पेट्रोल पंप पर परिवहन प्रवर्तन और दिल्ली यातायात पुलिस की टीम सुबह से ही तैनात देखी गईं। परिवहन प्रवर्तन टीम के उपनिरीक्षक धर्मवीर ने कहा, ''हम सुबह 6 बजे से यहां हैं ताकि किसी भी पुराने वाहन में ईंधन नहीं भरने दिया जाए। पेट्रोल पंपों को ऐसे वाहनों को ईंधन न देने का निर्देश दिया गया है।'' उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों की पहचान के लिए पंप पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित कैमरे और स्वचालित हूटर सिस्टम भी लगाए गए हैं। धर्मवीर ने कहा, ''अगर ऐसा कोई वाहन आता है, तो कैमरे तुरंत उसका पता लगा लेते हैं और कर्मचारियों को सचेत करने के लिए हूटर बजा देते हैं।''

# आतंकवाद से प्रभावित परिवारों की चिंताओं को दूर करने के लिए विशेष प्रकोष्ठ : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के पीड़ितों के परिजनों की चिंताओं को दूर करने और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय में एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा और टोल फ्री नंबर की भी सुविधा मिलेगी। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा मारे गए लोगों के परिजनों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को उन मामलों को फिर से खोलने का निर्देश दिया, जिन्हें जानबूझकर दबा दिया गया था। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब सिन्हा ने आतंकवादी हमलों में मारे गए कुछ कश्मीरी नागरिकों के परिजनों से कुछ दिन पहले मुलाकात



की थी और कहा था कि 2019 से पहले दशकों तक आतंकवाद के पीड़ितों को न्याय से वंचित रखा गया। सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''परिजनों की चिंताओं को दूर करने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय में विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय में भी इसी तरह का प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। आतंकवाद के पीड़ितों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी और कई दशकों से खु-लेआम घूम रहे अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।'' सिन्हा ने कहा कि आतंकवाद पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए एक 'टोल-फ्री नंबर' भी अधिसूचित किया जाएगा।

## अमरनाथ यात्रा के पहले जत्थे को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे मनोज सिन्हा

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को घाटी से दो रास्तों से शुरू होगी – अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किलोमीटर) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों के अनुसार, इस साल की यात्रा के लिए अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मौके पर ही पंजीकरण भी शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में करीब 4,000 टोकन बांटे गए हैं।

# वैष्णव ने रेलवन एप्लीकेशन की शुरुआत की, यात्रियों को सभी जरूरतों का एकजगह मिलेगा समाधान



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल ऐप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी। वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस ऐप की शुरुआत की। यह ऐप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस ऐप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। रेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ''रेलवन ऐप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों को निम्नलिखित सेव-ाओं तक आसान पहुंच मिलेगी: टिकटिंग – आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकट; ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग। इसमें कहा गया है, इसके अतिरिक्त, माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है। ऐप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। मंत्रालय ने कहा, इसमें न केवल सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, बल्कि सेवाओं के बीच एकीकृत कनेक्टिविटी भी है, जिससे उपयोगकर्ता को भारतीय रेलवे सेवाओं का समग्र पैकेज मिलता है। इस ऐप की एक खास विशेषता सिंगल साइन-ऑन है,जिससे उपयोगकर्ताओं को कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता नहीं रहती।

# 'लव जिहाद के वित्तपोषण' के मामले में फरार कांग्रेस पार्षद पर एनएसए लगाया गया

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के जिला प्रशासन ने 'लव जिहाद' के कथित वित्तपोषण के मामले में फरार चल रहे कांग्रेस के एक पार्षद को सख्त प्रावधानों वाले राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार किए जाने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी आशीष सिंह ने सार्वजनिक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत को एनएसए के तहत गिरफ्तार करने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि कादरी के खिलाफ शहर के अलग-अलग पुलिस थानों में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से एक मामला पिछले महीने दर्ज किया गया था जिसमें कांग्रेस पार्षद पर पैसों के बल पर धर्मांतरण की साजिश में शामिल होने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में कादरी की गिरफ्तारी पर एक पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने 10,000 रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के दो युवकों-साहिल शेख और अल्ताफ शाह ने पुलिस की पूछताछ में कथित तौर पर स्वीकार किया था कि युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर धर्मांतरित कराने के लिए उन्हें कादरी ने कुल तीन लाख रुपये दिए थे और यह रकम उन्होंने युवतियों पर खर्च की थी। अधिकारी ने बताया कि दोनों युवकों को अलग-अलग मामलों में दो युवतियों से दुष्कर्म और अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

# परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट का दूसरा जहाज 'उदयगिरि' नौसेना को सौंपा गया

**नयी दिल्ली :** अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट का दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मंगलवार को नौसेना को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह फ्रिगेट बहुत-से मिशनों के लिए कार्य करने में सक्षम है और यह जहाज समुद्र में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटते हुए भारत के हितों की रक्षा करने के लिए उपयुक्त है। इसने बताया कि पी-17ए जहाजों के पतवार पूर्ववर्ती पी-17 जहाजों की तुलना में 4.54 फीसदी अधिक बड़े हैं। इन जहाजों को पी-17 वर्ग की तुलना में अधिक आधुनिक और रडाररोधी विशेषताओं वाले उन्नत हथियारों और सेंसर से लैस किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि



इस जहाज को जिन हथियारों से लैस किया गया है उनमें सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन तथा तीव्र गति से गोलाबारी करने वाली 30 मिमी और 12.7 मिमी की हथियार प्रणालियां शामिल हैं। बयान के अनुसार, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएसएल) में निर्मित प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टेल्थ फ्रिगेट यार्ड 12652 (उदयगिरि) एक जुलाई को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।

# भारतीय नौसेना ने चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों वाले जहाज पर लगी आग पर काबू पाया

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले एक टैंकर में लगी आग पर काबू पा लिया तथा जहाज में सवार चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। रविवार को जहाज से संकट की सूचना मिलने के बाद नौसेना ने तुरंत कार्रवाई की और अग्निशमन अभियान शुरू किया। संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में जहाज के इंजन कक्ष में भीषण आग लग गई थी। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा, ''भारतीय नौसेना ने 29 जून को उत्तरी अरब सागर में पलाऊ के ध्वज वाले टैंकर एमटी यी चेंग 6 पर उच्च जोखिम वाला अग्निशमन और बचाव अभियान चलाया, जिससे स्थिति को सफलतापूर्वक स्थिर किया जा सका और भारतीय चालक दल के 14 सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी।'' नौसेना ने संकटग्रस्त जहाज की मदद के लिए अपने युद्धपोत आईएनएस तबर को भेजा था। नौसेना ने बयान में कहा, ''त्वरित कार्रवाई करते हुए आईएनएस तबर सहायता प्रदान करने के लिए अधिकतम गति से आगे बढ़ा।'' उसने बताया कि चालक दल के सात सदस्यों को जहाज की नौकाओं का इस्तेमाल करते हुए तुरंत आईएनएस तबर पर लाया गया। इसमें कहा गया है, ''किसी को चोटें नहीं आयी हैं और तबर के चिकित्सा दल ने चालक दल के सभी सदस्यों की जांच की है। मास्टर समेत चालक दल के बाकी के सदस्य आग बुझाने में मदद करने के लिए जहाज पर ही सवार हैं।'' आग पर काबू पाने के लिए आईएनएस तबर के छह सदस्यीय अग्निशमन दल को तैनात किया गया।

# राजनाथ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बात की



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बात की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को दिए गए अमेरिका के अटूट समर्थन की सराहना की। फोन पर बातचीत में सिंह और हेगसेथ ने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग का भी जायजा लिया। सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और गहरा करने तथा क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए चल रही एवं नयी पहलों की समीक्षा करने के लिए उत्कृष्ट चर्चा हुई।'' उन्होंने कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को अमेरिका द्वारा दिए गए अटूट समर्थन की मैंने सराहना की। जल्द ही उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं।'' यह भारत और पाकिस्तान के बीच 7-10 मई को हुए सैन्य संघर्ष के बाद सिंह और हेगसेथ के बीच पहली फोन वार्ता थी।

# दो दशक बाद मंच साझा करेंगे चचेरे भाई उद्धव और राज ठाकरे

**मुंबई :** त्रिभाषा नीति से संबंधित विवादित सरकारी प्रस्ताव वापस लिए जाने के उपलक्ष्य में शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की पांच जुलाई को होने वाली संयुक्त विजय रैली में 20 साल में पहली बार उद्धव और राज ठाकरे मंच साझा करते दिखाई देंगे। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे ने मंगलवार को वर्ली स्थित एनएससीआई डोम में आयोजित होने वाले मराठी विजय दिवस समारोह के लिए संयुक्त सार्वजनिक निमंत्रण जारी किया। 'मराठीचा आवाज' शीर्षक वाला संयुक्त निमंत्रण इस आयोजन की पहली आधिकारिक घोषणा है। निमंत्रण में पार्टी का कोई चिन्ह या झंडा नहीं है, बस महाराष्ट्र की एक



ग्राफिक तस्वीर दिखाई गई है। इसमें मेजबान के रूप में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के नाम का उल्लेख है। शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने पुष्टि की कि उद्धव और राज ठाकरे रैली में शामिल होंगे। आने वाले महीनों में चर्चित मुंबई नगर निकाय और अन्य नगर निगमों के चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में मराठी पहचान के संवेदनशील मुद्दे पर दोनों भाइयों के बीच संभावित सुलह पर राज्य के राजनीतिक हलकों में उत्सुकता से नजर रखी जा रही है। महाराष्ट्र के स्कूलों में कक्षा एक से हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू करने को लेकर विरोध के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को त्रिभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो जीआर (सरकारी प्रस्ताव) वापस लेने की घोषणा की। मनसे और शिवसेना (उबाठा) ने त्रिभाषा नीति के माध्यम से हिंदी भाषा को थोपे जाने के खिलाफ विरोध मार्च का आह्वान किया था। राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव वापस लिए जाने के तुरंत बाद, दोनों दलों ने मराठी लोगों की जीत का हवाला देते हुए, संयुक्त मार्च रद्द कर दिया। बाद में उद्धव ठाकरे ने कहा कि पांच जुलाई को 'मराठी मानुष की एकता' का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# 'दिल्ली को चिकित्सा केन्द्र बनाने में दें साथ': मुख्यमंत्री की चिकित्सकों से अपील

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी को चिकित्सा केंद्र बनाने के लिए चिकित्सकों से सहयोग की अपील की। गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में चिकित्सकों से बातचीत की। उन्होंने कहा, दिल्ली में चिकित्सा सुविधाएं बेदम हैं। मैं चिकित्सकों से अपील करती हूं कि वे दिल्ली सरकार का सहयोग करें ताकि हम मिलकर दिल्ली को चिकित्सा केन्द्र में बदल सकें, जहां न केवल दिल्ली के निवासियों को, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी बेहतर इलाज मिल सके। हमारे पास कुशल चिकित्सक मौजूद हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा



लिया। गुप्ता ने कहा, इस वर्ष की थीम है, 'मुखौटे के पीछे: कौन करता है उपचार करने वालों का उपचार?' यह विषय अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चिकित्सकों को एक उपयुक्त कार्य वातावरण की आवश्यकता होती है, जिसमें तकनीकी सहायक, नर्स और पैरामेडिकल कर्मचारी का सहयोग जरूरी है।

# हिमाचल में मानसून का कहर: मंडी में पांच लोगों की मौत, 16 लापता

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, पांच अन्य घायल हो गए और 16 व्यक्ति लापता हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्य में मंगलवार को बादल फटने की 11 घटनाएं हुईं, जबकि अचानक बाढ़ की चार और बड़े भूस्खलन की एक घटना हुई। अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सोमवार शाम से मंडी में 253.8 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को तीन जिलों कांगड़ा, सोलन व सिरमौर और शनिवार को चार जिलों ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा व मंडी में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताते हुए ऑरेंज




अलर्ट जारी किया है। राज्य आप-ातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, बारिश के कारण राज्य में कुल 406 सड़कें बंद हैं, जिनमें से 248 अकेले मंडी जिले में हैं। मंडी में 994 'ट्रांसफार्मर' पर भी इसका असर पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, 30 मवेशी मारे गए हैं तथा मंडी जिले में फंसे नौ लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं। एसईओसी ने बताया कि कुल 332 लोगों को बचाया गया है, जिनमें मंडी में 278, हमीरपुर में 51 और चंबा में तीन लोग शामिल हैं। मंडी जिले के गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने घटना हुई। बाड़ा में दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई। करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि भारी बारिश के बाद बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जिले में कुछ स्थानों पर व्यापक नुकसान होने के कारण कई लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम पुलिस और होमगार्ड के साथ मिलकर जिले में खोज और बचाव अभियान में लगी हुई हैं। जिले की सभी नदियां और नाले उफान पर हैं और ब्यास नदी पर बने पंडोह बांध से डेढ़ लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। पंडोह बांध का जलस्तर खतरे के निशान 2,922 फुट के मुकाबले 2,941 फुट तक पहुंच गया है। चंडीगढ़-मनाली चार लेन मार्ग वर्तमान में द्वाडा, झलोगी और बनाला सहित कई स्थानों पर अवरुद्ध है, जबकि कमांद-कटौला-बजौरा मार्ग केवल हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के लिए खुला है। कई स्थानों पर यातायात संबंधी समस्याओं के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 20 जून को मानसून के मौसम की शुरुआत के बाद से अब तक हिमाचल प्रदेश को 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# आर्थिक अन्याय का हथियार बना जीएसटी, संशोधन कर संघीय भावना के अनुकूल बनाने की जरूरत : राहुल



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। यह आर्थिक अन्याय और कॉरपोरेट भाईचारे का एक बर्बर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।'' उन्होंने दावा किया कि ''अच्छे और सरल कर'' का वादा किया गया था, लेकिन भारत को पांच अलग-अलग दर वाली कर व्यवस्था मिली, जिसे 900 से अधिक बार संशोधित किया गया है। राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तक कि पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके दायरे में आ गए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। नागरिक अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना टैक्स छूट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आनंद लेते हैं।''

## जीएसटी ऐतिहासिक सुधार, भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।' सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है।

### रुपया 17 पैसे चढ़कर 85.59 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर होने के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर फरवरी, 2022 के बाद से सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व की नीति पर बढ़ते प्रभाव ने केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर आशंकाओं को फिर से जगा दिया है। इसके अलावा, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें नरम रहीं, जिससे भारत के आयात खर्च को राहत मिली और मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिली।

### पीएनबी ने बचत खातों में न्यूनतम शेषराशि न रखने पर दंडात्मक शुल्क खत्म किया

**नयी दिल्ली :** वित्तीय समावेशन और ग्राहक सशक्तीकरण के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सभी बचत खातों में न्यूनतम औसत शेष राशि (एमएबी) न रखने पर दंडात्मक शुल्क खत्म कर दिया है। पीएनबी ने बयान में कहा कि एक जुलाई, 2025 से प्रभावी यह पहल विशेष रूप से महिलाओं, किसानों और निम्न आय वाले परिवारों जैसे प्राथमिकता वाले वर्गों का समर्थन करने के लिए है। बयान के मुताबिक, इस फैसले से न्यूनतम शेष राशि न रखने पर दंड के तनाव के बिना बैंकिंग सेवाओं तक आसान और अधिक समावेशी पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

### सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा था।

## एसबीआई के डिजिटल बदलाव के उपायों से ग्राहकों को काफी लाभ हुआ : सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के डिजिटल बदलाव के लिए उठाए गए कदमों से उसके ग्राहकों को काफी फायदा हुआ है। राष्ट्र की सेवा में 70 वर्ष पूरे करने पर एसबीआई को बधाई देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए बैंक द्वारा नवोन्मेषण और सशक्तीकरण जारी रखने की उम्मीद है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '23,000 से अधिक शाखाओं, 78,000 ग्राहक सेवा केंद्रों (सीएसपी) और 64,000 एटीएम के साथ आज एसबीआई की स्थिति बहुत मजबूत है। यह वाकई हर भारतीय का बैंक है। पिछले दशक में इसने जो डिजिटल बदलाव हासिल किया है, वह इसके ग्राहकों के लिए काफी फायदेमंद रहा है। उन्होंने कहा कि एसबीआई ने 1.5 करोड़ किसानों, महिलाओं द्वारा संचालित 1.3 करोड़ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), पीएम स्वनिधि के तहत 32 लाख रेहड़ी पटरी वालों, 23 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों कारीगरों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एसबीआई के पास 15 करोड़ से अधिक जन धन खाते, 14.65 करोड़ पीएम सुरक्षा बीमा योजना, 1.73 करोड़ अटल पेंशन योजना और सात करोड़ पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी हैं। एसबीआई ने अपनी 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश के नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव प्रयासों में मदद करने के लिए वित्त वर्ष 2026-27 तक 40 लाख घरों को 'सौर ऊर्जा से संचालित' करने की योजना की घोषणा की है।

### देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में 14 महीने के उच्च स्तर पर

**नयी दिल्ली :** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया।' जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## भारत, अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत छठे दिन जारी



**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर गहन बातचीत मंगलवार को छठे दिन भी जारी है। इसके साथ वार्ता एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है और भारत अपने श्रम-प्रधान उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय दल अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए वाशिंगटन में है। भारतीय अधिकारियों की अमेरिका यात्रा अवधि बढ़ा दी गयी है। दोनों देशों के बीच वार्ता 26 जून को शुरू हुई थी और शुरू में, प्रतिनिधिमंडल को वहां दो दिन के लिए रहने का कार्यक्रम था। ये वार्ता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी शुल्क लगाये जाने को जितने समय के लिए टाला था, वह तिथि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष उससे पहले वार्ता को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत ने अमेरिकी कृषि उत्पादों को शुल्क रियायत देने को लेकर अपना रुख कड़ा किया है। उन्होंने कहा, 'यदि प्रस्तावित व्यापार वार्ता विफल हो जाती है, तो 26 प्रतिशत शुल्क फिर से लागू हो जाएंगे।' अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल शुल्क लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी तरह से छूट चाहता है। अमेरिका कृषि और डेयरी दोनों क्षेत्रों में शुल्क छूट की मांग कर रहा है। लेकिन, भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारतीय किसान आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनके जोत का आकार काफी छोटा है। इसलिए, ये क्षेत्र राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने अबतक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन, शराब, पेट्रोरसायन उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, बादाम तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। वहीं भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है।

## 2000 रुपये के कुल 6,099 करोड़ रुपये के नोट अब भी चलन में: आरबीआई



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक के 2000 रुपये के नोट वापस लेने के दो साल बाद भी इस मूल्यवर्ग के कुल 6,099 करोड़ रुपये के नोट अब भी चलन में हैं। आधिकारिक आंकड़ों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। रिजर्व बैंक के मुताबिक, 2000 रुपये के बैंक नोट कानूनी रूप से वैध बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने बयान में कहा कि चलन में 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 30 जून, 2025 को घटकर 6,099 करोड़ रुपये रह गया है। जब 19 मई, 2023 को इस नोटों को वापस लेने की घोषणा हुई थी, तब ऐसे कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में थे। केंद्रीय बैंक ने कहा, '19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2000 रुपये के नोटों में से 98.29 प्रतिशत वापस आ चुके हैं।' ऐसे बैंक नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। यह सुविधा अब भी भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

### सोने में सात दिन से जारी गिरावट थमी, 1,200 रुपये चढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर


**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और पीली धातु का भाव 1,200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में लगातार सातवें सत्र की गिरावट के बाद तेजी दर्ज की गई और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये चढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## रिलायंस, एचडीएफसी बैंक में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 91 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'सोमवार की गिरावट के बाद बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,541.80 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों-खासकर अमेरिका-में तेजी के साथ-साथ स्थिर घरेलू संकेतों से पता चलता है कि मौजूदा रुझान जारी रहने की संभावना है।' छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.18 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की गिरावट आई।

## कच्चे तेल फिर 67 बैरल प्रति डॉलर पर, कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद: पुरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि कच्चे तेल की कीमत फिर से 67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है और इसके इस स्तर के आसपास ही रहने की उम्मीद है। पुरी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट के शीर्ष निकाय भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस पर यह भी कहा कि भारत ने जैव ईंधन मिश्रण में वृद्धि की है और 40 देशों से कच्चा तेल मंगा रहा है जबकि पहले यह संख्या 27 थी। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब खाड़ी क्षेत्र में तनाव चरम पर था, तो कई लोगों ने कच्चे तेल की कीमतों में तेजी को लेकर चिंता जताई थी। मंत्री ने बताया, ''उस समय मैंने कहा था कि कुछ नहीं होगा। तेल की कीमतें सही रहेंगी। चिंता मत करो। और तेल की कीमतें फिर से 67 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? ...इसका कारण दुनिया में पर्याप्त मात्रा में तेल का उपलब्ध होना है। पुरी ने कहा कि इसके अलावा भारत कच्चे तेल की खरीद में विविधता ला रहा है। ''हम पहले 27 देशों से तेल खरीदते थे, अब हम 40 देशों से खरीद रहे हैं। जैव ईंधन मिश्रण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हम दुनिया में दूसरे सबसे ज्यादा जैव ईंधन मिश्रण करने वाले देश हैं।




## इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिये भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा



**बर्मिंघम :** भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा, 'रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहनीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, 'टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।' बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज (जसप्रीत बुमराह) को खिलाने का फैसला पिच देखने के बाद ही लिया जाएगा। गिल ने इस बात की पुष्टि की कि बुमराह चयन के लिए उपलब्ध हैं। गिल ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'बुमराह निश्चित रूप से (चयन के लिए) उपलब्ध हैं।

### स्मृति मंधाना आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर



**दुबई :** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी। मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढकर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

## कैट ने चार जून की भगदड़ के लिये प्रथम दृष्टया आरसीबी को दोषी माना

**बेंगलुरू :** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिये मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे। कैट ने कहा, 'इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली।' कैट ने अपने अवलोकन में कहा, 'अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।' आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था। कैट ने कहा, '04.06.2026 को समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अचानक आरसीबी ने बिना किसी पूर्व अनुमति के उपरोक्त प्रकार का बखेड़ा किया। पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास 'अलाद्दीन का चिराग' जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं।'

### रेलवे को टीम खिताब, नीतू और लवलीना ने स्वर्ण पदक जीते

**हैदराबाद :** रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां संपन्न एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित नौ पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू घणघास (हरियाणा), ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (टॉप्स) और विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (साई एनसीओई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। साई एनसीओई की संयुक्त टीम ने दो स्वर्ण सहित सात पदक हासिल किए, जबकि टॉप्स कोर एवं डेवलपमेंट टीम ने तीन स्वर्ण पदक जीते। रेलवे के स्वर्ण पदक विजेताओं में बेबीरोजाना चानू (57 किग्रा), प्राची (60 किग्रा) और ज्योति (51 किग्रा) शामिल हैं।

## भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने के लिये कैबिनेट ने खेलो भारत नीति को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली :** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नीति और मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों के बारे में संवाददाताओं से कहा, 'हमने पिछले 10 साल के अनुभव का इस्तेमाल किया है और नयी नीति खेलों में सुधार की दिशा में काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करना है। यह हमारा मुख्य उद्देश्य है।' भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा जता चुका है जिसके लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों को देश में लाने पर बड़े पैमाने पर जोर दिया गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो के एक बयान में नयी नीति को केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ), खिलाड़ियों, इस मामले के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ 'व्यापक विचार-विमर्श' का परिणाम बताया गया है। इसके तहत खेल को पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ा जायेगा। वैष्णव ने कहा, 'बड़ी संख्या में लोग आईपीएल, फुटबॉल मैच देखने के लिए यात्रा करते हैं। इससे पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।' यह दस्तावेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जुडने का प्रयास करता है, जिसमें खेलों को स्कूली पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाया गया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3284 अंक 094, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in